

पेज -3 पर
जशपुर जिले में प्रदेश का पहला उच्च स्तरीय फूड प्रोसेसिंग ...

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 230 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 29 जून 2022

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेशव्यापी कलम बन्द आंदोलन आज
पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### डांस काम्पीटिशन में डॉ. पूर्णाश्री राऊत को मिला देश में दूसरा स्थान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग में पदस्थ डॉ. पूर्णाश्री राऊत को ऑल इंडिया सिविल सर्विस म्यूजिक डांस प्ले काम्पीटिशन 2021-22 के सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता में देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा 23 जून से 26 जून तक नई दिल्ली में ऑल इंडिया सिविल सर्विस म्यूजिक एवं डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग में पदस्थ डॉ. पूर्णाश्री राऊत को नृत्य के क्षेत्र में दूसरा स्थान मिला है। डॉ. पूर्णाश्री राऊत की इस उपलब्धि के लिए संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य ने विभाग की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

गौरतलब है कि डॉ. पूर्णाश्री राऊत प्रसिद्ध ओड़ीसी नृत्यांगना हैं। वे प्रदेश और देश स्तर अनेक आयोजनों में भी प्रस्तुति दे चुकी हैं।

# छत्तीसगढ़ को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार

ग्रिड पुरस्कार के लिए ई.एस.जी. वर्ल्ड समिट में चयन, 3 महीने के विश्लेषण के बाद की गई घोषणा

*जगदलपुर। छत्तीसगढ़ को गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के लिए सिंगापुर में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह को पुरस्कार दिया जाएगा।*



प्रतिष्ठित ग्रिड पुरस्कार के लिए ई.एस.जी. वर्ल्ड समिट में इनका चयन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी को बधाई भी दी है। बताया जा रहा है कि 3 महीने के विश्लेषण के बाद हर एंगल से देखने के बाद नामों का चयन किया गया है।

दरअसल, बकावंड में वन धन समिति के माध्यम से काजू प्रसंस्करण कर रही इकाई ने बस्तर के साथ ही पूरे राज्य और देश को भी गौरावान्वित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ तथा जगदलपुर जिले के वनधन विकास केंद्र बकावंड के साथ ही कोरबा जिले के डोंगानाला के दो स्व-सहायता समूह को प्रतिष्ठित ग्रिड पुरस्कार के लिए ई.एस.जी. वर्ल्ड समिट में नामित एवं चयनित किया गया है। बस्तर जिले के बकावंड ने राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ को यह पुरस्कार संधारणीय विकास, गरीबी उन्मलन तथा महिला सशक्तिकरण की श्रेणियों में प्राप्त हुए हैं। विजेताओं का चयन लगभग तीन माह चले तीन चरणों में कठोर परीक्षण मापदंडों पर प्रस्तावों के विश्लेषण के आधार पर किया गया। सिंगापुर के कार्प स्टेज तथा ई.एस.जी रिसर्च फाउंडेशन का उद्देश्य ईएसजी मापदंड विकास के लक्ष्यों तथा प्रभावों को विस्तारित करना है। साथ ही संयुक्त राष्ट्रसंघ के निर्धारित विकास लक्ष्यों की स्थापना है। इन पुरस्कारों के लिए विकास लक्ष्यों की श्रेणियों के अनुसार पूरे विश्व के व्यवसायियों से नामांकन प्राप्त किए गए थे।

# जन आंदोलनों ने दिखाई एकजुटता

## अधिसूचित क्षेत्रों में जमीन ट्रांसफर पर रोक का प्रस्ताव, मेधा पाटकर बोलीं- मिलकर नहीं लड़े तो समाज नहीं बचेगा

रायपुर। देश भर में आंदोलन कर रहे संगठनों ने छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य, सिलगेर गोलीकांड, नवा रायपुर के लिए भूमि अधिग्रहण सहित विभिन्न मुद्दों पर संघर्ष कर रहे आंदोलनों के साथ नई एकजुटता दिखाई है।



रायपुर के पास्टोरल सेंटर में मंगलवार को भूमि अधिकार आंदोलन और छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन ने संयुक्त सम्मेलन में आंदोलनों को एकजुट किया। इस दौरान एक प्रस्ताव पारित कर पांचवी अनुसूची वाले क्षेत्रों में जमीन के हस्तांतरण, आदिवासियों के विस्थापन और वन भूमि के डाइवर्शन पर रोक लगाने की मांग उठी।

नर्मदा बचाओ आंदोलन तथा जनांदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय की नेता मेधा पाटकर ने कहा, आज आधुनिकता के नाम पर देश-दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों को मुनाफे के लिए लूटा जा रहा है। यह आर्थिक शोषण का दौर है जो जीवन के अधिकार का हनन कर रहा है। आज राज्य सरकारें एक कागज के नोट के आधार पर कंपनियों को जमीनें दे रही हैं। छत्तीसगढ़, झारखण्ड और ओड़िशा जैसे प्रदेशों में आदिवासियों के प्राकृतिक संसाधनों पर हमले तेज हुए हैं। मेधा ने कहा, हम सब लोग मिल कर नहीं लड़ेंगे तो न हम बचेंगे और न समाज बचेगा। इस संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। सर्वहारा जन आंदोलन, महाराष्ट्र की उल्का महाजन ने कहा, हसदेव अरण्य की लड़ाई किसी एक प्रदेश या एक समुदाय की लड़ाई नहीं है। यह पूरे देश की आबोहवा और पर्यावरण बचाने की लड़ाई है, जिसे हर हाल में जीतना ही होगा। किसान संघर्ष समिति के डॉ. सुनीलम, भारत जन आंदोलन से बिजय पांडा, लोकशक्ति अभियान के प्रफुल्ल सामंत रे, भूमि अधिकार आंदोलन गुजरात के मुजाहिद नफीस, लोक मोर्चा, महाराष्ट्र की प्रतिभा सिंधे ने भी सम्मेलन में अपनी बात रखी। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, ओड़िशा, जम्मू एंड कश्मीर, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पं. बंगाल, हिमाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, तमिलनाडु और उत्तराखंड से करीब 500 प्रतिनिधियों शामिल हुए थे।

### सरकारों पर मनमाने अधिग्रहण का आरोप

अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव हन्नान मोल्ला ने कहा, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। केंद्र में अध्यादेश वापस लेने के बावजूद आज भी राज्यों में भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधान लागू नहीं हो रहे हैं। राज्य सरकारें मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण कर रही हैं।

### सम्मेलन में यह प्रस्ताव पारित हुआ

*छत्तीसगढ़ में पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में पेसा कानून के प्रावधानों सहित पांचवी अनुसूची के संरक्षात्मक प्रावधानों का अक्षरशः पालन करते हुए कॉर्पोरेट मुनाफे के लिए भू हस्तांतरण पर रोक लगाई जाए।*

*हसदेव, सिलगेर, बस्तर और कोरबा सहित पूरे प्रदेश में विकास के नाम पर हो रहे आदिवासियों के विस्थापन व जमीनों के डायवर्जन पर पूरी तरह रोक लगे।*

*भूमि-अधिग्रहण कानून-2013 का शब्दशः पालन हो। बिना इस कानून को लागू किए जो भूमि अधिग्रहित की गयी है उसे मूल किसानों को वापस किया जाए।*

# सड़क हादसे में डेढ़ साल के बच्चे की मौत

मां-बाप के साथ घर जा रहा था, रास्ते में महिला की सड़ी पहिए में फंसने से हादसा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हुए सड़क हादसे में डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। वह अपने मां-बाप के साथ कोरबा से वापस जांजगीर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी मां की सड़ी बाइक के पहिए में फंस गई। जिसके चलते ये हादसा हुआ है। हादसा रामपुर चौकी क्षेत्र में हुआ है।



जानकारी के मुताबिक, अकलतरा के रहने वाले बसंत कुमार निर्मलकर अपनी पत्नी और डेढ़ साल के बच्चे हिमांशू के साथ कोरबा के दर्री इलाके में किसी कार्यक्रम में शामिल होने आऐ थे। यहां कार्यक्रम में शामिल होकर बसंत दोपहर करीब 1 बजे के आस-पास वापस जांजगीर लौट रहे थे। बसंत और उनका परिवार बाइक में बैठकर जा रहे था। ये सभी अभी कनकी पांतोंरा मार्ग पर पहुंचे थे। उसी वक्त हिमांशू की मां की साड़ी बाइक के पहिए में फंस गई। साड़ी फंसने के कारण हिमांशू और उसकी मां जमीन पर गिर गए। इसके बाद मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद बच्चे को अस्पताल भी ले जाया गया था। मगर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बंटी और बबली गैंग एक्टिव

# महिला के जेवर लेकर बोले-नोटों की बंडल दे रहे हैं, गठरी से निकले कागज और पत्थर

**रायपुर।** फिल्म बंटी और बबली में एक्ट्रेस रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन के साथ मिलकर लोगों के साथ ठगी करते दिखती हैं। इस फिल्म का हाल ही में पार्ट 2 भी आया था। रायपुर में एक ऐसा ही गैंग एक्टिव हो चुका है। इसमें एक महिला और एक पुरुष की जोड़ी है। ये भोले भाले लोगों को सरेआम ठगने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले की शिकायत गोलबाजार थाने में दर्ज की गई है और पुलिस शातिर ठग जोड़ी को ढूंढने का काम कर रही है।



ठग जोड़ी का शिकार बनी है आयुर्वेदिक कॉलेज में आया का काम करने वाली एक महिला। 58 साल की मिलंतिन बाई यादव को इस जोड़ी ने ठगा है। करीब 90 हजार रुपए के इनके असली चांदी और सोने के जेवर ले लिए और भाग निकले। ये वारदात तब हुई जब महिला अपने काम से गोलबाजार से लगी एक ज्वेलरी शॉप में गईं थीं। यहां ठग पहले से ही जाल बिछाकर लोगों को ठगने के मिशन पर एक्टिव थे।

### फिल्मी अंदाज में ठगा

महिला ने बताया कि बाजार में एक महिला मिली। वो महिला मिलंतिन के करीब आकर अपनी दुख भरी कहानी सुनाने लगी। कहने लगी बेंगलुरु में रहती हूं पति के साथ मारपीट होती रहती है, आप मेरी कुछ मदद करें मैं इस शहर में नई हूं। इतने में उसका साथी वहां आता है। उस युवक ने कहा कि मेरे पास नोटों का बंडल और कुछ जेवर हैं। मैं इन रुपयों, जेवर का इस्तेमाल नहीं कर सकता मगर आप दोनों को यह रुपए दे दूंगा। उसने भरोसे में लेकर महिलाओं से कहा कि आप मुझे अपने जेवर दे दें। बदले में मुझसे नोटों का यह बंडल और जेवर ले लें, इनसे आप जितने मर्जी जेवर खरीद सकती हैं।

# हल्की बारिश की संभावना

**रायपुर** । प्रदेश में 29 जून को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः रहने की संभावना है।

मौषम विभाग के अनुसार एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तथा उससे लगे दक्षिण तटीय उड़ीसा तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंडशियर जोन 19 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके चलते प्रदेश में आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।

# हमारे अन्नदाता प्रसन्न रहे यही हमारी कोशिश: मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान कोरिया जिले के भरतपुर विकासखण्ड के ग्राम बहरासी पहुंचकर वहां स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।





उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर भेंट-मुलाकात की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान आम जनता से राज्य शासन की योजनाओं पर फीडबैक लिया और ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र की विकास के लिए अनेक घोषणाएं की।

उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में देवगुड़ी के निर्माण के लिए पांच-पांच लाख रुपए, बहरासी हायर सेकंडरी स्कूल के लिए नये भवन के निर्माण, रमदहा जलप्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, जनकपुर-कोटाडोल सड़क के प्रभावितों के मुआवजे के लिए तीन करोड़ रुपए की घोषणा, माड़ीसराई में नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना, क्षेत्र के बिजलीविहीन गांवों में बिजली पहुंचाने की व्यवस्था, केल्हारी में नए जिला सहकारी बैंक की शाखा, केल्हारी में नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने, कुवांरपुर और नागपुर को उपतहसील कार्यालय खोले जाने और जनकपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाये जाने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को कैम्प लगाकर बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारे अन्नदाता प्रसन्न रहे यह हमारे सरकार की कोशिश है।

समीक्षा.. नगरीय प्रशासन मंत्री ने नगरीय निकायों की योजनाओं की समीक्षा की

# आमजनों को शायकीय योजनाओं का फायदा पहुंचाना ही हमारा कर्तव्य : डॉ. शिवकुमार डहरिया

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि नागरिकों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का फायदा पहुंचाना हमारी सरकार का प्रमुख कर्तव्य है।




डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज यहां रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं की दो दिवसीय समीक्षा कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रदेश के 14 नगर निगमों एवं बस्तर और बिलासपुर संभाग की नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की।

नगरीय प्रशासन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को नागरिक सेवायें समय पर पहुंचाने के लिए सजगता और संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए है। नगरीय प्रशासन मंत्री ने तखतपुर और बीजापुर नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिक अधिकारी द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने के कारण उन्हें शो काज नोटिस देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगरीय प्रशासन मंत्री ने मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल की नगरीय प्रशासन विभाग की फ्लेगशिप योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स और पौनी-पसारी योजना सहित अन्य नगरीय सेवाओं का फायदा नागरिकों को पहुंचाने के लिए अधिकारियो से समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा के दौरान स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, ऑनलाईन भवन अनुज्ञा और नगरीय निकायों की राजस्व आय वृद्धि के लिए योजनाबद्ध काम करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में वर्षांत के दौरान जल भराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां पर सभी जरूरी कार्य करने के निर्देश दिए जिसमें लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने शहरों के नालों और नालियों की सफाई नियमित करने के निर्देश दिए।

भेंट-मुलाकात अभियान

# मुख्यमंत्री ने कोरिया जिला के रामगढ़ में 3 पर्यटक वाहनों का हरी झंडी दिखाकर

रायपुर। भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज कोरिया जिला के रामगढ़ में 3 पर्यटक वाहनों का हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण किया।



इस मौके पर गृह एवं पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, विधायक श्री गुलाब कमरो भी मौजूद थे। इन पर्यटक वाहनों का इस्तेमाल गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में सैर के लिए किया जाएगा। पर्यटक वाहनों के होने से राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटक वाहनों का संचालन इको विकास समिति द्वारा किया जाएगा।

# रोजगार है असली समस्या



सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना के खिलाफ एकदम से जो उबाल आया है वह देखने में भले तात्कालिक प्रतिक्रिया लगे लेकिन असल में युवाओं के रोष और हिंसक प्रदर्शन की जड़ें ज्यादा गहरी हैं। यह रोजगार को लेकर उनकी भविष्य की चिंता से जुड़ी है। पिछले दो साल से सेना में बहाली नहीं हो रही है तब भी नौजवान इस उम्मीद के साथ प्रतीक्षा और तैयारी कर रहे थे कि कभी न कभी तो बहाली शुरू होगी।

तभी जब नियमित बहाली की जगह चार साल तक ठेके पर नौकरी देने की योजना घोषित हुई तो युवाओं ने बेहद गुस्से में इसके खिलाफ प्रतिक्रिया दी। वे सड़कों पर उतरें, रेलवे स्टेशनों पर तोड़-फोड़ की, गाड़ियां जलाईं, सड़कें जाम की और सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के हरसंभव तरीके का इस्तेमाल किया। फिर अचानक तीन-चार दिन के हिंसक प्रदर्शन के बाद शांति बहाल हो गई। मान सकते हैं कि प्रदर्शन करने वाले युवाओं का एक बड़ा तबका वहीं चार साल की नौकरी हासिल करने की तैयारियों में लग गया होगा। क्योंकि उसके सामने नौकरी ओर रोजगार के विकल्प नहीं हैं।

वह सरकार की ओर से दिए गए तर्कों से संतुष्ट नहीं है। लेकिन वह मजबूर है। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से जिस तरह की धमकी भरी भाषा में बात की गई उससे वह डरा भी। उसे अपना करियर खराब होने की चिंता हुई। वह मजबूरी में शांत



हुआ है। हताशा और नाउम्मीदी में उसने समझौता किया है। पिछले कुछ दिनों में ऐसे कई मौके आए, जब नाउम्मीद युवाओं ने इस तरह के हिंसक प्रदर्शन किए। इसी साल जनवरी में रेलवे में ग्रुप डी की भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर बिहार में युवाओं ने बड़ा प्रदर्शन किया था और तब भी कई शहरों में रेलवे स्टेशनों पर तोड़-फोड़ हुई थी, ट्रेनें जलाई गई थीं। रेलवे परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों में भी प्रदर्शन हुए थे। भर्ती बंद होना और नियमित रोजगार के अवसर लगातार कम होते जाना एकमात्र समस्या नहीं है, जिससे छात्र और युवा परेशान हैं। प्रश्न पत्र लीक हो जाना और नतीजों में धांधली की समस्याएं भी आम छात्रों को बहुत परेशान कर रही हैं।

वे इस मनोवैज्ञानिक दबाव में हैं कि देश में नियमित नौकरियां बहुत कम हो गई हैं। सरकारी विभागों में भर्ती या तो बंद है या बहुत कम हो रही है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां बिक रही हैं, जिससे रोजगार के अवसर घट रहे हैं। देश में बेरोजगारी की भयावह तस्वीर बताने वाले कई आंकड़े सबके सामने हैं। बेरोजगारी की दर सात फीसदी से ऊपर है। भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की बजाय कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ रहा है। ध्यान रहे सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला सेक्टर विनिर्माण का है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए मेक इन इंडिया योजना की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद अगर कृषि सेक्टर में रोजगार बढ़ रहा है तो वास्तविकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पिछले कई सालों में पहली बार हो रहा है कि मनरेगा में रोजगार मांगने और करने वालों की संख्या बढ़ी है। यह भी देश की संगठित और असंगठित दोनों सेक्टर के रोजगार की कहानी बयान करता है। प्राइवेट थिंक टैंक 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' यानी सीएमआईई ने पिछले दिनों बताया कि ऐसे लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है जो नौकरी की तलाश ही नहीं कर रहे हैं। सीएमआईई के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या 45 करोड़ हो गई है, जो कामकाज करने की उम्र के हैं और किसी न किसी किस्म के रोजगार के योग्य हैं लेकिन नौकरी नहीं तलाश रहे हैं। भारत में कानूनी रूप से नौकरी करने की उम्र वाले लोगों की संख्या 90 करोड़ है, जिसमें से आधे लोग नौकरी ही नहीं तलाश रहे हैं क्योंकि उन्होंने नौकरी मिलने की उम्मीद छोड़ दी है। इसी रिपोर्ट के मुताबिक 2017 से 2022 के बीच समग्र श्रम भागीदारी 46 फीसदी से कम होकर 40 फीसदी हो गई। इस अवधि में दो करोड़ से ज्यादा लोगों ने काम छोड़ा और सिर्फ नौ फीसदी योग्य आबादी को रोजगार मिला। देश की महज नौ फीसदी महिलाओं के पास काम है या वे काम की तलाश कर रही हैं।

सोचें, जहां रोजगार की ऐसी स्थिति है वहां अगर किसी एक सेवा में स्थायी और नियमित नौकरी की उम्मीद हो और उसमें अचानक सदियों पुराने भर्ती के नियमों को मनमाने तरीके से बदल दिया जाए तो युवाओं पर क्या बीती होगी? वे किस मन:स्थिति में होंगे। तभी यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि असली समस्या अग्निपथ योजना नहीं है, बल्कि असली समस्या नियमित नौकरी की कमी है।

अजीत द्विवेदी

## संपादकीय

### जनता आगे, पार्टियां पीछे

इस अनुभव के आधार पर यह साफ कहा जा सकता है कि जनता के रोजमर्रा के संघर्षों से राजनीतिक दलों का अब कोई नाता नहीं बचा है। पक्ष हो या विपक्ष- जनता के रोजमर्रा के संघर्षों की कसौटी पर वे अप्रसांगिक होते जा रहे हैँ। यह लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक संकेत है।

पिछले पांच साल के चार जन आंदोलनों को याद कीजिए। 2018 में अनुसूचित जाति- जन जाति कानून को ढीला बनाने के मुद्दे पर दलित समुदाय के लोगों सड़कों पर उतरे और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की। 2019 में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन हुआ। 2020 में किसानों ने मोर्चा संभाला, जो साल भर चलता रहा। अब 2022 में सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ नौजवानों ने अपना गुस्सा सड़कों पर आकर उतारा है। इन सभी आंदोलनों में एक आम पहलू यह है कि इन्हें संयोजित, संचालित और उन्हें नेतृत्व देने में राजनीतिक दलों की कोई भूमिका नहीं रही। विपक्ष दल तब सक्रिय हुए, जब आंदोलन भड़क चुका था। तब भी उन दलों की भूमिका आंदोलन को समर्थन देने और उसके बहाने नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधने के अलावा और कुछ नहीं रही। लेकिन अपने-अपने कारणों से सड़क उतरने जन समूहों ने उसे ज्यादा तव्वजो नहीं दी। बल्कि किसान आंदोलन ने तो यह साफ नीति घोषित कर रखी थी कि उसके मंच पर किसी राजनेता को आने का मौका नहीं दिया जाएगा। इस अनुभव के आधार पर यह साफ कहा जा सकता है कि जनता के रोजमर्रा के संघर्षों से राजनीतिक दलों का अब कोई नाता नहीं बचा है। भारतीय जनता पार्टी का भी नहीं।

## क्या भाजपा के बिछाए जाल से निकल पाएगी शिवसेना ?

कहा जाता है कि इतिहास खुद को दोहराता नहीं है, बल्कि अक्सर तुकबंदी करता है। शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन यानी महाविकास आघाड़ी (एमवीए) की शुरुआत ही एनसीपी में नाकाम बगावात से हुई थी। ढाई साल बाद इस गठबंधन के संभावित अंत को शिवसेना में बगावत के रूप में परिभाषित किया जा रहा है।

वर्ष 2019 में राकांपा ने शिवसेना के साथ मिलकर भाजपा को मात देकर सत्ता पर कब्जा किया था। उसका बदला भाजपा ने वर्ष 2022 में एकनाथ शिंदे को बहला-फुसलाकर और राजनीतिक बाघ को फंसाकर शिकार किया है। क्या शिवसेना भाजपा के बिछाए जाल से निकल पाएगी? ऐसा लगता तो नहीं है। हालांकि भाजपा के लिए आगे की राह चुनौतीपूर्ण है। विभिन्न राज्य विधानसभाओं द्वारा दलबदल पर कानून की व्याख्या और उसके बाद के मामले अनिश्चितता का दृश्य प्रस्तुत करते हैं। हिंदुत्व के वोट के लिए शुरू हुई यह लड़ाई गुवाहाटी से मुंबई की विधानसभा तक पहुंचने से पहले अब अपेक्षा के अनुरूप ही अदालत में पहुंच गई है और सड़कों पर भी दिख सकती है। महाविकास आघाड़ी (एमवीए) का यह हश्र राजनीतिक दलों के लिए कुछ सबक पेश

महाराष्ट्र का सियासी संकट



महाराष्ट्र सरकार का पतन एक महागठबंधन की इच्छा और उसके निर्माण के लिए जोखिम प्रबंधन के संबंध में सबक पेश करता है।

करता है और ध्यान देने योग्य कुछ सवाल उठाता है। कुछ समय पहले बंगाल चुनाव के बाद भाजपा के खिलाफ एक आम मोर्चा बनाने की बातें हो रही थीं और उसके केंद्र में ममता बनर्जी और शरद पवार थे। महाराष्ट्र सरकार का पतन एक महागठबंधन की इच्छा और उसके निर्माण के लिए जोखिम प्रबंधन के संबंध में सबक पेश करता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा एमवीए गठबंधन के पतन का लाभ उठाएगी-इसके विरोधाभासों और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण, जो कि अवसरवादी गठबंधनों के खिलाफ विश्लेषण का विषय होगा। राजनीतिक उद्यमिता और अवसरवाद के लिए एमवीए विश्लेषण का विषय है। तीनों दलों का एक साथ आना अटल बिहारी वाजपेयी की इस उक्ति को चरितार्थ करता था-कहीं का ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा। इनमें से हर पार्टी एक दूसरे की कटु आलोचक रही है। मूल रूप से कम्युनिस्टों से लड़ने के लिए कांग्रेस द्वारा समर्थित शिवसेना ने मुंबई से कांग्रेस को खदेड़ना शुरू किया और 1980 के दशक में हिंदुत्व के मुद्दे पर सवार होकर बड़ी ताकत के रूप में उभरी। इसका उदय 1988 में कांग्रेस (आई) और कांग्रेस (एस) के विलय से हुआ, जिससे विपक्ष का स्थान खाली रह गया। कांग्रेस (एस), या पवार कांग्रेस, एनसीपी का पहला अवतार था, जिसका जन्म 1999 में कांग्रेस के %विदेशी नेतृत्व% के खिलाफ हुआ था। आगे का रास्ता आंदोलन और कानूनी लड़ाई वाला है। भाजपा प्लान ए और बी, दोनों से लैस है।

प्लान ए इस उम्मीद पर टिका हुआ है कि वह अपनी पसंद के विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव करने, ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार को सदन में विश्वास मत में हराने और देवेंद्र फडणवीस को एक बार फिर डबल इंजन सरकार चलाने के लिए नियुक्त करेगी और देवेंद्र फड़णवीस के बारे में सभी अटकलों को खत्म कर देगी। हालांकि, कुछ समय बाद, पार्टी यह लड़ाई सड़कों पर नहीं लड़ना चाहेगी, क्योंकि इस मामले में शिवसेना की जो पहचान है, उसे देखते हुए वह मुंबई में कानून-व्यवस्था बिगाड़ सकती है। उसके बाद भाजपा का प्लान बी शुरू होगा और वह राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर गुजरात के साथ विधानसभा का चुनाव कराएगी।

शंकर अय्यर

## मिला जुला

### मुंबई में बड़ा हादसा

# 4 मंजिला इमारत गिरी, एक की मौत, 11 घायल

**मुंबई।** मुंबई में एक चार मंजिला बिल्डिंग गिर गई. मलबे में कई लोग दबे गए थे. रेस्क्यू के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. इनमें एक की मौत हो गई. जबकि 11 लोग अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ये हादसा कुर्ला के नाइक नगर में हुआ है. मौके पर दमकल की टीम और पुलिस पहुंच गई है. राहत और बचाव अभियान जारी है।

मुंबई के कुर्ला के नाइक नगर में 4 मंजिला इमारत गिर गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मलबे में 20-25 लोगों के दबे होने की संभावना है. मौके पर दमकल की टीम और पुलिस मौजूद है। रेस्क्यू ऑपरेशन में अब तक 5 लोगों को निकाल लिया गया है।



**मलबे से 5 लोगों को निकाला गया**

महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे ने बताया कि मलबे से 5 लोगों को निकाल लिया गया है और इन्हें अस्पताल ले जाया गया है. चारों बिल्डिंग को बीएमसी की ओर से नोटिस दिया गया था. फिर भी कुछ लोग वहां रह रहे थे. पहले प्रॉयरिटी है कि सभी लोगों को निकालें. मंगलवार की सुबह मिलकर लोगों को खाली कराएंगे और डिमोलिस कराएंगे. उन्होंने लोगों से अपील की है कि जब भी बीएमसी नोटिस दे तो जल्दी से खाली कर देना चाहिए, ताकि ऐसी घटना न हो।

राजावाड़ी अस्पताल के सीएमओ डॉ. पवार ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हुई है. जबकि चैत बसपाल (36) की हालत स्थिर है. वहीं, आबिद अंसारी (26), गोविंद भारती (32), मुकेश मोरया (25), मनीष यादव (20) का इलाज चल रहा है. इसके अलावा, संतोष कुमार गौड़ (25), सुदेश गौड़ (24), रामराज रहानी (40), संजय माजी (35), आदित्य कुशवाह (19 साल) को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया.

# कृषकों को ना होने पाए खाद बीज की कमी-मंत्री कवासी लखमा

### सर्किट हाउस सुकमा में संक्षिप्त बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने आज सर्किट हाउस सुकमा में अधिकारियों की बैठक ली। इस संक्षिप्त बैठक में उन्होंने जिले में खाद बीज का भंडारण एवं वितरण, कृषि कार्यों, मानसून के दौरान आपदा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की।



**दुर्गम क्षेत्रों में राशन भंडारण करें सुनिश्चित**

बैठक में कलेक्टर विनीत नंदनवार, सीईओ जिला पंचायत डीएन कश्यप, वनमंडलाधिकारी जेएस रामचंद्र, एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम, तहसीलदार सुकमा प्यारेलाल नाग सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंत्री कवासी लखमा ने जिले में मानसून की समीक्षा के दौरान कहा की जिले में अभी पिछले वर्ष की तुलना में कम वर्षा हुई हैए आगामी दिनों में वर्षा की संभावना है। अत्यधिक वर्षा के दौरान प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखे। उन्होंने कहा की ऐसे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्र जो वर्षा के कारण मुख्यमार्ग से अलग हो जाते हैए उन ग्राम पंचायतों में पर्याप्त मात्रा में राशन का भंडारण किया जावे। जिस पर खाद्य अधिकारी ने बताया की दूरस्थ क्षेत्रों में शत प्रतिशत खाद्यान भंडारण किया जा चुका है। कृषि कार्यों की समीक्षा के दौरान मंत्री ने जिले में खाद, बीज के भंडारण और वितरण का संज्ञान लिया और अधिकारियों को आवश्यकता अनुरूप पूर्व में खाद, बीज की मांग करने को कहा ताकि कृषकों को उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया,डायरिया, सर्पदंश आदि के लिए पर्याप्त मात्रा में दवा रखने के निर्देश दिए हैं। ताकि आपात स्थिति में पीड़ित को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

# कोरिया जिले में मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात का पहला दिन बहरासी, रामगढ़ , रजौली क्षेत्र में

### प्रदेश में किसानों की खुशहाली मेरा पहला उद्देश्य-भूपेश बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश मुखिया भूपेश बघेल के प्रदेश भर के 90 विधानसभा क्षेत्र में भेंट मुलाकात के दौरा को लेकर कोरिया जिला के तीन दिवसीय दौरे में जिला के वनांचल क्षेत्र भरतपुर जनकपुर विधानसभा के बहरासी, रामगढ़, रजौली में पहुंच कर शासन की चल रही योजनाओं के बारे में लोगों से जानकारियां साझा किया साथ ही योजनाओं से लोगो को किस प्रकार से आर्थिक लाभ मिल रहा इस पर चर्चा किया साथ ही



**उप तहसील से लेकर नगर पंचायत के साथ अन्य कई मुख्यमंत्री ने घोषणाएं की**

जनकपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा किया। आपको बता दें की प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तीन दिवसीय दौरे पर कोरिया प्रवास पर है इस तीन दिन में जिले के तीनों विधानसभा मनेंद्रगढ़, जनकपुर भरतपुर, बैकुंठपुर के अलग अलग क्षेत्रों में पहुंच कर भेंट मुलाकात कार्यक्रम के जरिए लोगों से बात करेंगे इसी क्रम में में आज भरतपुर जनकपुर विधानसभा के ग्राम बहरासि,रामगढ़, रजौली में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों से भेंट मुलाकात करते हुए की जन हिताय योजनाओं की घोषणा किया।

# 'टेक्सास में त्रासदी'- ट्रक के अंदर 46 प्रवासी मृत मिले, कई अस्पताल में भर्ती



**अमेरिका** के टेक्सास से डरा देने वाली खबर सामने आई है. सैंट एंटोनियों शहर में एक ट्रक के अंदर 46 लोग मृत पाए गए हैं. कानून प्रवर्तन अधिकारी ने इस दिल दहला देने वाले वाकये के बारे में जानकारी दी है. वहीं शहर के अधिकारियों ने कहा कि यूएस-मेक्सिको सीमा पर मानव तस्करी की सबसे घातक हालिया घटनाओं में से एक है.

सैन एंटोनियो अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें ट्रक में 'शवों के ढेर' मिले. ट्रक में पानी का कोई निशान नहीं मिला. विभाग ने कहा कि ट्रेलर के अंदर पाए गए सोलह अन्य लोगों को हीट स्ट्रोक और थकावट के चलते अस्पतालों में ले जाया गया।

### अस्पताल से आते ही एक्शन में राज्यपाल कोश्यारी

# उद्धव सरकार से मांगा तीन दिन की फाइलों का हिसाब-किताब





**मुंबई.** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी हॉस्पिटल से वापस लौटते ही एक्शन में नजर आ रहे हैं. उन्होंने उद्धव सरकार से बीते तीन दिन की फाइलों का हिसाब-किताब मांग लिया है. कयास लगाये जा रहे हैं कि राज्यपाल महाराष्ट्र सरकार के कुछ आदेशों को पलट भी सकते हैं. ऐसे में राज्यपाल और सीएम उद्धव के बीच की तल्खी और बढ़ सकती है. बता दें कि महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट के बीच भगत सिंह कोश्यारी को कोविड संक्रमण हो गया था. इसके बाद उनको हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था. लेकिन दो दिन पहले यानी 26 जून को वह डिस्चार्ज हो गये हैं. ताजा जानकारी के मुताबिक, राज भवन सचिवालय ने राज्य सरकार से कुछ फाइलों की डिटेल मांगी हैं।

# मुख्यमंत्री ने बांकी नदी के जीर्णोद्धार और जल संरक्षण संवर्धन के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की

### भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को नगरवासियों ने बताया वृतांत, कलेक्टर की हुई सराहना

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जशपुर के भ्रमण और भेंट मुलाकात के दौरान विगत दिवस 26 जून को सरना एथनिक रिसोर्ट में जशपुर वासियों ने बांकी नदी के जीर्णोद्धार जल संरक्षण संवर्धन के सराहनीय कार्य की जानकारी दी।





उन्होंने बताया कि बांकी नदी को संरक्षित करने के लिए कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, जिला प्रशासन और जशपुर वासियों की जनसहभागिता से बांकी नदी को संरक्षित करने का सार्थक कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हीरूराम निकुंज, युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन, सुरेश गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, शिवानंद मिश्रा उपस्थित थे। श्रमदान और अंशदान कर लगभग 3 किमी लम्बी बांकी नदी का जीर्णोद्धार कर दिया। जिसकी चर्चा देश भर में हो रही है। भेंट मुलाकात के दौरान बांकी नदी से जुड़े प्रतिनिधि मण्डलों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल साथ मिलकर कलेक्टर जशपुर रितेश अग्रवाल की उपस्थिति में जल आंदोलन का विस्तृत वृतांत बताया। जिसे बहुत ही गम्भीरता से मुख्यमंत्री ने सुना और नागरिकों के इस अभियान को भरपूर सहयोग देने हेतु कलेक्टर रितेश अग्रवाल की सराहना भी की। जल आंदोलन के प्रतिनिधियों ने 18 किमी लम्बी बाँकी नदी का जीर्णोद्धार नरवा मिशन के तहत करने की मांग की जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सहर्ष स्वीकार करते हुए इस सबन्ध में कलेक्टर जशपुर को निर्देश दिए साथ ही उन्होंने बाँकी नदी के उद्गम से लेकर संगम तक नदी के दोनों तटों पर वृक्षारोपण सहित जल ग्रहण क्षेत्र का समग्र उपचार करने का भी निर्देश दिया है। इस हेतु प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

**लोगों ने बढ़ चढ़कर किया श्रम एवं अंशदान किया**

**जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर**

## शोसल मीडिया ने नामजद अपशब्द प्रसारित किये जाने में सौंपा ज्ञापन

### अरूण विश्वकर्मा के ऊपर उपरोक्त कृत्य का मामला मामला दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

शोसल मीडिया ने नामजद अपशब्द प्रसारित किये जाने के संबंध में सौंपा ज्ञापन सब्जी व्यवसायी चन्दन गुप्ता को अरूण विश्वकर्मा द्वारा फेशबुक सोशल मीडिया में दोगला से संबोधित करते हुये पोस्ट डाला है। वही चन्दन गुप्ता ने चिरमिरी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान चन्दन गुप्ता ने बताया की अरूण विश्वकर्मा का उदेश्य मुझे अपमानित करना था और इसी आशय से अरूण विश्वकर्मा द्वारा मेरे नाम सहित दोगला सम्बोधित किया गया। जिससे मेरे आत्म सम्मान को ठेस पहुंची। इस पोस्ट से मैं अपमानित महसूस कर रहा हूं। ज्ञापन सौप कार्यवाही की मांग की है।



**दोगला अपशब्द से मैं क्षुब्धा एवं दु:खी हूं- चन्दन गुप्ता**

## एक सरंपच एवं तीन पंच के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

### 1085 मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 अंतर्गत जिले में 1 सरपंच तथा 3 पंच पद के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इस उप निर्वाचन में 1085 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उप चुनाव के लिए चुनाव प्रेक्षक संयुक्त कलेक्टर कवर्धा दीप्ती गौते ने आज मतदान केन्दों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वास राव म्हस्केए प्रेक्षक के लायजनिंग अधिकारी एवं प्रभारी खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर उपस्थित थे। जनपद पंचायत बेमेतरा कुल 210 मतदाताओं में से 152 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इनमें 72 पुरुष एवं 80 महिला शामिल है। इसी क्रम में विकासखण्ड नवागढ़ के कुल 1363 मतदाताओं में से 933 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। इनमें 491 पुरुष एवं 442 महिला शामिल है। इस तरह पंचायत उप चुनाव में जिले का मतदान 69 प्रतिशत रहा। ज्ञात हो कि जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बाघुल में सरपंच पद के लिए मतदान हुआ। इसी प्रकार ग्राम पंचायत संबलपुर के वार्ड क्रमांक 11 में पंच पद के लिए एवं ग्राम पंचायत कामता के वार्ड क्रमांक 12 में मतदान हुआ। इसी तरह जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत कुसमी के वार्ड क्रमांक 04 में पंच पद के लिए मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

## एक नजर

### सायबर क्राईम का पिथौरा पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

विवाह पूर्व एक युवती के मंगेतर को लगातार व्हाट्सएप पर गलत फोटो पोस्ट किए जाने की शिकायत पर जिले की पिथौरा पुलिस द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 509 ख के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लाखागढ़ निवासी संतोष उर्फ संजय कुमार पिता गंगाराम सारथी द्वारा विगत 23 जून से 27 जून के बीच प्रार्थिया युवती के मंगेतर को उसके मोबाइल में युवती का गलत फोटो व्हाट्सएप मैसेज करने की शिकायत पर पिथौरा पुलिस ने जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पुसवाड़ा सड़क दुर्घटना में घायलों को सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

कोन्टा तहसील अंतर्गत पुसवाड़ा के समीप हुए सड़क दुर्घटना में घायल पांच व्यक्तियों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा. कोन्टा द्वारा जारी आदेश के अनुसार रंजित कविराज पिता तारकनाथ कविराज, शिवशंकर सारथी पिता बैनूराम सारथी, रामसिंह पिता वैजनाथ, सुशांत मण्डल पिता जितेन्द्र मण्डल एवं जितेन्द्र मण्डल पिता ज्योतिश मण्डल को 12 हजार 500 रुपए, कुल 62,500 रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल के शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक पदों पर भर्ती की वरीयता सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिले में संचालित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सुकमा, कोण्टा एवं छिन्दगढ़ में शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक पदों पर प्रतिनियुक्ति/संविदा पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों का पात्र-अपात्र सूची जारी कर दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात अभ्यर्थियों की वरीयता सूची जारी कर दी गई है। जिला के वेबासाईट के पर वरियता सूची का अवलोकन किया जा सकता है। पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार, कौशल परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### बालको ने स्थानीय छात्रों के लिए मासिक कौशल विकास शिविर लगाया

**कोरबा** । भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने क्षेत्र के पांच सरकारी स्कूलों के लगभग 250 छात्रों के लिए एक माह का शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया। बालको सीएसआर के प्रोजेक्ट कनेक्ट के तहत साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथमेटिक्स, लाइफस्किल, डाइट एजुकेशन, साइबर क्राइम, व्यक्तित्व विकास, स्व-प्रबंधन, कंप्यूटर शिक्षा, संचार, प्रेरणा, खेल शिक्षा, कानून सत्र तथा नृत्य, संगीत, कला एवं शिल्प, करियर परामर्श तथा पशु बचाव आदि विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर रजनी कुजूर एवं सुमति बाई का बना राशन कार्ड

### दोनों हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 जून को कुनकुरी विधासनभा के ग्राम पंमशाला में आयोजित जनचौपाल में आमजनों की शिकायतों को सुना एवं तत्काल निराकरण करने के निर्देश जिले के अधिकारियों को दिए। इसी कड़ी में ग्राम पगुराबहार निवासी सुमति बाई एवं पण्डरीपानी सिसरिंगा निवासी रजनी कुजूर ने मुख्यमंत्री से राशनकार्ड बनवाने हेतु अपनी मांग रखी। जिस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दोनों हितग्राहियों का प्राथमिकता के साथ तत्काल राशन कार्ड तैयार कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनों हितग्राहियों का तत्परता के साथ राशन कार्ड बना कर उपलब्ध कराया गया है। हितग्राही रजनी कुजूर एवं सुमति बाई ने कहा कि उनके मांग को मुख्यमंत्री ने बहुत गंभीरता से लिया। जिस पर उनके निर्देश पर उन्हें राशन कार्ड मिल गया है। अब उन्हें शासन द्वारा प्रदाय किए जाने वाले राशन सामग्री आसानी से मिल जाएगी। दोनों हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन को राशन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।



## कोड़ार की नहरों पर पुल-पुलियों के अवैध निर्माण की होगी जांच

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**कुछ समय पूर्व तक सिंचाई के लिए बनवाए गए सरकारी नहर नालियों पर पुल-पुलिया निर्माण की मांग आवागमन की आम सुविधा के लिए की जाती थी। तब लोगों को अपनी मांगों के चलते अधिकारियों और नेताओं तक दौड़ लगानी पड़ती थी।**

फिर एक लंबी प्रक्रिया के बाद प्रशासकीय-तकनीकी स्वीकृति उपरांत ही पुल-पुलियों का निर्माण होता रहा है। लेकिन अब तो कोई भी, कहीं भी शासकीय नहर पर अपनी मर्जी से अपनी सुविधा के लिए पुल पुलिया का निर्माण करवा सकता है। वह भी बिना किसी विभागीय अनुमति के खास बात यह है कि ऐसे मामलों में लिखित शिकायत के बाद भी जल संसाधन विभाग के आला अधिकारी संज्ञान नहीं लेते। ऐसे ही एक मामले में छत्तीसगढ़ किसान मजदूर संघ के संयोजक ललित चंद्रनाहू द्वारा की गई शिकायत पर जल संसाधन विभाग महासमुंद के कार्यपालन अभियंता द्वारा कारवाई ना करने से नाराज किसान नेता चंद्रनाहूं छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग के सचिव को पत्र लिखकर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग महासमुंद के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की थी। ज्ञातव्य है कि शहीद वीरनारायन सिंह जलाशय कोड़ार परियोजना महासमुंद के नहरों पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा अनेक स्थानों पर जल संसाधन विभाग बिना अनुमति प्राप्त किये पुल-पुलियों का निर्माण किया गया है। यह प्रक्रिया जारी है। इससे नहरों को क्षति पहुंच रही है और जल प्रवाह प्रभावित होने से खेतों की सिंचाई भी प्रभावित हो रही है।

उक्त पुल-पुलिया ग्राम खरोरा से घोड़ारी और बिरकोनी तक नहरों में निर्मित मे है। इसी तरह ग्राम खरोरा एवं बेलसोंडा के मध्य नहर के बायें पार्श्व में एक व्यक्ति द्वारा धान की खेती कई वर्षो से करते हुये अतिक्रमण किया गया है। इससे नहर का बंड प्रभावित हो रहा है। उपरोक्त मुद्दे पर किसान नेता चंद्रनाहू ने कार्यपालन अभियंता महासमुंद के जांच.कार्यवाही हेतु पत्र प्रस्तुत किया था। जिस पर किसी तरह की कार्यवाही न होने से चंद्रनाहू ने छत्तीसगढ़ शासन के सचिव जल संसाधन को पत्र लिखकर कार्यपालन अभियंता महासमुंद के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की है। कोड़ार जलाशय के नहर में अवैध पुल-पुलियों के निर्माण की शिकायत और कार्यपालन यंत्री जल संसाधन महासमुंद के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने को लेकर जल संसाधन विभाग मंत्रालय रायपुर के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी द्वारा मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को जांच हेतु अधिकृत किया गया है। कहा गया है किए प्रक्ररण का परीक्षण कर सुस्पष्ट अभिमत के साथ जांच प्रतिवेदन मुख्य अभियंता के माध्यम से शासन को भेजे।

**कार्यपालन अभियंता महासमुंद के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग**

## दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय विश्वबंधु शर्मा के परिवार को राज्य शासन से मिली 5 लाख की सहायता राशि

### जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार ने ललिता शर्मा को चेक सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर जिले के दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय विश्वबंधु शर्मा की पत्नी ललिता शर्मा को राज्य शासन द्वारा संचार प्रतिनिधि कल्याण कोष से पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार द्वारा जशपुर प्रेस क्लब के सहयोग से उक्त राशि का चेक ललिता शर्मा को प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि स्व. विश्वबंधु शर्मा लंबे समय से जशपुर जिले में सक्रिय पत्रकारिता कर रहे थे। पिछले 28 दिसंबर को उनके आकस्मिक निधन के बाद परिजनों ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार व जशपुर प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों की मदद से संचार प्रतिनिधि कल्याण कोष से आर्थिक सहायता के लिए उनकी पत्नी ललिता शर्मा ने आवेदन कर शासन से आर्थिक सहायता की मांग की थी। अपर संचालक, जनसंपर्क संचालनालय अटल नगर रायपुर के पत्र क्रमांक 3213 दिनांक 22 जून के अनुसार संचार प्रतिनिधि कल्याण कोष से स्वीकृत आर्थिक सहायता रुपये 05 लाख का चेक सहायक संचालक जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर को भेजा गया है। विगत वर्ष 2021 में स्वराज एक्सप्रेस के संवाददाता पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम तिलडेगा निवासी स्व.मनोज अम्बष्ट का विगत वर्ष 24 अप्रैल 2021 को कोरोना के कारण देहांत हो गया था। जिला जनसंपर्क जशपुर द्वारा उनकी पत्नी स्नेहा अम्बष्ट के आवेदनों को तत्काल जनसंपर्क संचालनालय भेजा गया और डेढ़ माह के अन्दर ही राज्य शासन ने उन्हें 5 लाख की सहायता राशि दिया था। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसंपर्क कार्यालय जशपुर में जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार द्वारा उक्त पांच लाख की आर्थिक सहायता राशि का चेक जशपुर प्रेस क्लब की उपस्थिति में स्वर्गीय विश्वबंधु शर्मा की पत्नी ललिता शर्मा को सौंपा गया। तत्काल आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया में सतत सहयोग के लिए जशपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष विकास पांडेय ने सभी पत्रकारों की ओर से सहायक जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर जशपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष विकास पांडे समेत अमानुल्लाह मलिक, योगेश थवाईत, दीपक सिंह, रविन्द्र थवाईत, प्रशांत सहाय, मिथलेश गुप्ता अन्य पत्रकार, कर्मचारी व स्टाफ उपस्थित थे।



**संचार प्रतिनिधि कल्याण कोष तहत् जशपुर के दिवंगत दो पत्रकारों के परिवारों को 5.5 लाख कुल 10 लाख अब तक दी गई है**

## जशपुर जिले में प्रदेश का पहला उच्च स्तरीय फूड प्रोसेसिंग एंड पैकेजिंग लैब तैयार

### मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के प्रवास के दौरान किया था शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर के रंजीता स्टेडियम परिसर में स्थित फू ड प्रोसेसिंग एंड पैकेजिंग लैब में खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण प्रयोगशाला एवं पैकेजिंग केंद्र भवन का 27 जून को लोकार्पण किया। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सहराहनीय पहल की जा रही है। समूह की महिलाओं को विभिन्न खाद सामर्ग्री का पैंकिंग करने के लिए जिला प्रशासन ने खनिज न्यास निधि मद से 22.72 लाख रुपए की लागत खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण प्रयोगशाला एवं पैकेजिंग केंद्र से तैयार किया गया है। केन्द्र में लगभग 34 लाख रुपए लागत से विभिन्न मशीनों लगाया गया है। जशपुर जिले में प्रदेश का पहला उच्च स्तरीय लैब जिला प्रशासन ने तैयार किया है जिसमें विभिन्न उत्पादों के रॉ-मटेरियल को प्रसंस्कृत कर उन्हें विक्रय के लिए सी मार्ट में भेजा जा रहा है। खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण प्रयोगशाला एवं पैकेजिंग से समूह की महिलाओं के हाथों में रोजगार मिला है और वे सी-मार्ट में विक्रय हेतु भेजने के लिए खाद्य सामग्री काजू, आचार, पापड़, हल्दी मशाला, चायपत्ती, जीराफूल, जौवफूल चावल, आटा, रागी, कोदो-कुटकी बिक्री करने के लिए पैंकिंग का कार्य कर रही हैं।





**खनिज न्यास निधि से 34 लाख की लागत से अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई है**

**जशपुर के महिलाओं को मिला रोजगार**

# राजस्थानी गुजराती भेड़ बकरी ऊंट चट कर रहे वनस्पति जंगलों को

हेमंत कुमार बंजारे

जोहार छत्तीसगढ़-कर्वधा।

**कवर्धा वन मंडल के पंडरिया उप वन मंडल परिक्षेत्र के जंगलों में भेड़ बकरी चरवाहे हरे-भरे पौधों को लगातार काट रहे हैं। पंडरिया उप वन परिक्षेत्र के पूर्व,पश्चिम रेंज में जंगलों और मैदानी इलाकों में राजस्थान, गुजरात के ऊंट-भेड़ों का डेरा जमाए हुए है।**



भेड़, एवम पशुओं को खिलाने के नाम पर हरे-पौधे वनस्पति को काट रहे हैं। एक ओर जहां करोड़ों रूपये लगाकर पौधारोपण करवाया जा रहा है वही दूसरी और राजस्थानी डेरा वाले भेड़-बकरियों का झुंड विनाश कर रहे हैं। वन माफि या भी वनों की कटाई कर रहे हैं। लेकिन वन विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। परिक्षेत्रवासियों में वन विभाग के खिलाफ जमकर आक्रोश देखने मिल रहा है। बता दें कि अंचल में करीब कई सालों से राजस्थान गुजरात की भेड़-बकरी यहां पहुंच रही है ये बरसात के दिनों में जंगल में रहते हैं। वहीं गर्मी के मौसम में मैदानी इलाकों को पहुंच जाते हैं। स्थानीय वनवासियों के अनुसार जिन स्थानों पर इनके भेड़, बकरी बैठते हैं वहां वनस्पति को काफ ी नुकसान पहुंचाते हैं। जंगल में अभी चरौंटा नामक वनस्पति की अंचल में भरमार है। जहां लगातार इसके दोहन करने के कारण अब यह गिनती की बची हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्थान, के चरवाहे वर्षा व शीत ऋतु में जंगलों में रहते हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी की दिक्कत होने के कारण यह लोग मैदानी इलाकों में अपना डेरा जमाने लगते हैं। इन जंगलों में भेड़.बकरी व ऊंट का डेरा पंडरिया उप वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पूर्व,पश्चिम जंगलों में भेड़-बकरी बड़ी संख्या में है। साथ में इनके साथ ऊंट भी है। जो पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जहां इनका डेरा रहता है उस स्थान पर हरियाली पूरी तरह खत्म हो जाती है। इस प्रकार जंगल को खत्म किया जा रहा है।

### वनांचल के आदिवासियों ने बताया

अगर ऊंट भेड़ वालों पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो आने वाले कुछ वर्षों में वन और वनस्पतियां नष्ट हो जाएगी। जंगल क्षेत्रों में वन विभाग के रेंजर और बिडगाड रहते हैं। लेकिन अंचल के लोगों को कभी भी इन अधिकारियों की सक्रियता जंगलों की सुरक्षा के लिए दिखाई नहीं देती। इसी का फ ायदा उठाते हुए चरवाहों ने वनांचल में अपना डेरा जमाना प्रारंभ कर दिया है। वनांचलवासी जब इसका विरोध करते हैं तो उनके द्वारा भी धौंस जमाते हुए विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं वन विभाग के कर्मियों का इन्हें संरक्षण प्राप्त है। इसके कारण बेखौफ होकर जंगलों में घुसकर पेड़ पौधों को चारागाह बनाकर नष्ट कर रहे हैं।



### राजस्व में रहते है चराते है जंगलो में

आप लोगों को बता दे ये लोग रहने के लिए राजस्व जमीन में रहते है और भेड़ बकरी ऊंट चराते हैं। जंगलो में ताकी बहाना बनाते बने हम तो राजस्व के जमीन में है। विभाग के जिमेदार लोगों को सब जानकारी होने के बाउजूद नहीं करते इनके ऊपर कोई कार्यवाही जो समझ से परे है। पंडरिया उप वन मण्डल अधिकारी से इसके बारे में बात करने की कोशिश की तो गोल मटोल जवाब देते हुए कहा कि बेचारे लोग जंगल में नहीं रहेंगे तो कहा जाएंगे यार इस प्रकार का जवाब देने लगे इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं। किन की संरक्षण प्राप्त है इन्हें।

## बीडी महंत मेडिकल कॉलेज में अध्यापन कार्य जल्द

सांसद ने चर्चा कर जानी स्थिति, दिए आवश्यक निर्देश

**कोरबा** । कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा है कि कोरबा जिले में स्थापित बिसाहूदास महंत मेडिकल कॉलेज में अध्यापन कार्य जल्द ही प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए मान्यता देने की प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण पर है जो जल्द ही प्राप्त होने की संभावना है। सोमवार को कोरबा प्रवास के दौरान सांसद ने कोरबा मेडिकल कॉलेज के उप अधीक्षक डॉ रवि जाटवर को तलब कर उनसे तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। डॉ. जाटवर ने सांसद को बताया कि पिछले दिनों वर्चुअल बैठक में नेशनल मेडिकल काउंसिल के द्वारा जानकारी प्राप्त की गई थी जिसमें कुछ कमियां बताई जाकर इन्हें दूर करने के लिए निर्देश मिले थे। निर्देश के पालन में कमियों को दूर कर लिया गया है। चर्चा के उपरांत सांसद ने बताया कि बहुत ही जल्द कोरबा मेडिकल कॉलेज को मान्यता प्राप्त होने वाली है और उसके साथ ही यहां पढ़ाई शुरू हो जाएगी। कलेक्टर रानू साहू ने सांसद को बताया कि नेशनल मेडिकल काउंसिल की टीम के द्वारा विगत दिनों निरीक्षण कर जमीन का मुद्दा बताया गया था।

## कांग्रेस भाजपा के बीच अविश्वास प्रस्ताव का खेल महासमुंद के बाद सरायपाली में भी सिंहासन डोला

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय नगर पालिका के भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ कांग्रेस द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने के पश्चात अब सरायपाली नगर पालिका में भी भाजपा की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। हालांकि सरायपाली के अविश्वास प्रस्ताव को लेकर अभी सम्मिलन की तिथि तय नहीं हुई है। और जैसा किए महासमुंद पालिका के अध्यक्ष ने कहा था उनके पास



जादुई आकंडा है और वे समय पे अपना कमाल दिखायेंगे। उसी तर्ज पर सरायपाली के पालिका अध्यक्ष ने भी दावा किया है किए उनके खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त होना तय है। भाजपा के अनेक पार्षद अभी से कांग्रेस में आने को तैयार है। कांग्रेस के अल्पमत होने पर भी अगर वे अध्यक्ष बने है तो इसके पीछे भाजपा वाले भाईयों का ही योगदान था और आगे भी बना रहे। इसलिये उन्हें अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कोई चिंता नहीं है।

ज्ञातव्य है किए सरायपाली नगर पालिका में दलगत स्थिति की बात करे तो 15 पार्षदों वालें परिषद में भाजपा पार्षदों की संख्या 9 है जबकि कांग्रेस के 3 पार्षद व तीन अन्य पार्षद निर्दलीय है। बताया जाता है किए पिछले दिनों सराईपाली प्रवास पर आए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा होटल सिमरन में भाजपा पार्षदों की बैठक लेते हुए उन्हें लताड़ लगाई गई थी किए बहुमत के बाद भी भाजपा को विपक्ष में बैठना आखिर कैसे संभव हुआ। कांग्रेस का कब्जा है। समझा जा रहा है, इसी दौरान अविश्वास प्रस्ताव की रणनीति तैयार की गई थी। जिसके तहत अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

## स्कूल गेम्स की तैयारी में जुटे खेलगांव के खिलाड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

स्कूल गेम्स 2022-23 की शुरुआत जुलाई माह से प्रारंभ होने वाली है। बहुत जल्द वार्षिक खेल कलेंडर का रूप रेखा तैयार हो जाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगांव नवागांव के खिलाड़ी पदक जीतने को इरादे से बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ी खेल अभ्यास में जुट गए है। इस संबंध में जानकारी देते हुवे खिलाड़ियों के कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्कूल गेम्स की तैयारी में खेलगांव नवागांव के खिलाड़ी सुबह शाम पानी टंकी खेलमैदान में सुबह 5 से 7 बजे व शाम को भी 5 से 7 बजे तक मैदान में अभ्यास कर



पसीना बहा रहे हैं दो साल कोविड महामारी की वजह से खिलाड़ी अपना खेल कौशल का प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। जिनका मलाल आज भी खिलाड़ियों को है फि र से स्कूल गेम्स तय समय सीमा में प्रारंभ होने से खिलाड़ियों के चेहरे पर मुस्कान वापस लौट आई है और सभी खिलाड़ी मेहनत करने में जुट गए हैं इससे पहले भी खेलगांव के बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ी राज्य व रास्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अपने गांव का नाम रोशन किया है पानी टंकी खेलमैदान में प्रतिदिन विभिन्न खेल जैसे कबड्डी, कुश्ती, कुरास, एथलेटिक्स एव जुडो आदि खेलो का आ प्रैक्टिस किया जाता है अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों में बालक वर्ग में कौशल यादव, शत्रुहन बालिका वर्ग में रंभा जायसवाल आदि खिलाड़ी अभ्यास करते है इनको प्रैक्टिस कराने में खेल मैदान संरक्षक गुलाब सिंह श्याम का विशेष सहयोग रहता है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने ली जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

मुख्यमंत्री छग शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार टीएल बैठक के पूर्व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जा रही है इसी क्रम में 28 जून 2022 दिन मंगलवार को संयुक्त कार्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा कानून/सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लिया गया। जिसमें बेमेतरा जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी राजीव शर्मा, बेमेतरा एसडीएम दुर्गेश वर्मा, नवागढ़ एसडीएम प्रवीण तीवारी, साजा एसडीएम धनराज मरकाम, संयुक्त कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना चौकी प्रभारियों सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सरायपाली में अवैध निर्माण पर होटल सिमरन का संचालन

बिना डायवर्सन के निर्माण पर एसडीएम से शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के सरायपाली नगर में भंवरपुर मार्ग पर संचालित होटल सिमरन को लेकर सरायपाली एसडीएम को शिकायत प्रस्तुत किया गया है। शिकायत में कहा गया है किए उक्त भवन का निर्माण बिना नगर पालिका की अनुमति के अवैध रूप से कराया गया है। शिकायत में यह भी बताया गया किए नगर पालिका में उक्त निर्माण से संबंधित कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं है। क्योंकि उक्त भवन एक भाजपा नेता का है जो सालों तक नगर पालिका की सत्ता पर काबिज रहा है इसीलिए उसके द्वारा भवन निर्माण के लिए नगरपालिका के अनुमति की कोई जरूरत महसूस नहीं की गई। खास बात यह है किए उक्त स्थल का बिना डायवर्सन के भवन निर्माण कर लिया गया है। सरायपाली से नागरिक बजरंग लाल सेन द्वारा एसडीएम के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर होटल सिमरन के संचालक से भवन निर्माण की अनुमति बाबत दस्तावेज प्रस्तुत करवाने निर्देश दिए जाने की मांग की गई है। एसडीएम से दोषियों को उचित दंड दिए जाने का अनुरोध करते हुए यह भी कहा गया है किए प्रारंभिक जांच में अवैध निर्माण पाए जाने पर जब तक प्रकरण का निराकरण ना हो जाए। उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार के व्यवसायिक उपयोग को प्रतिबंधित किया जाना उचित होगा।

### खाद्य तेल एवं खाद्य तिलहन स्टॉक की सीमा तय

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सभी प्रकार के खाद्य तेलों एवं खाद्य तिलहनों पर 31 दिसम्बर 2022 तक की अवधि के लिए अधिकतम स्टॉक संधारण सीमा निर्धारित की गई है। स्टॉक संधारण की सीमा सभी प्रकार के खाद्य तेल का कमीशन अभिकर्ता हेतु 30 क्विंटल, व्यापारी के लिए 500 क्विंटल, खुदरा दुकान वालों के लिए 30 क्विंटल एवं डिपों हेतु 1000 क्विंटल भण्डारण क्षमता के 90 दिनद्ध तक की अधिकतम स्टॉक निर्धारित किया गया हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार खाद्य तेल के बीज सभी प्रकार का कमीशन अभिकर्ता हेतु 100 क्विंटल, व्यापारी हेतु 2000 क्विंटल का अधिकतम स्टॉक निर्धारित की गयी है। यह सीमा खाद्य तेलों के 90 दिनों का उत्पादन, उत्पादन क्षमता की दैनिक सूचना के अनुसारद्ध है। उन्होंने बताया कि खाद्य तेल एवं खाद्य तिलहन का कोई भी व्यापारी किसी भी समय खाद्य तेल एवं खाद्य तिलहन का कोई भी स्टॉक उपरोक्त उल्लेखित मात्रा से अधिक भंडारण नहीं करेगा। करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के महानदी सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना, सिंगल विलेज पेयजल योजना की कार्य प्रगति की जानकारी ली। बैठक में तकनीकी स्वीकृति प्राप्त 24 सिंगल विलेज एवं 01 रेट्रोफिटिंग योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत 02 रेट्रोफिटिंग 20 सिंगल विलेज योजनाओं के लिए आमंत्रित ऑनलाइन निविदावार प्राप्त न्यूनतम दरों का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यपालन अभियंता एसके धकाते सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंची विधायक

**नगरी** । सेमरा (सिहावा) निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश कुमार साहू का 23 जून को अस्वस्थता के चलते रायपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके शोकाकुल परिवार से मिलने क्षेत्र के विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव पहुंची। उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होकर विधायक ने मृत आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दु:ख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उक्त अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष भूषण साहू, साहू समाज के तहसील अध्यक्ष पुनीत राम साहू, क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता लखन लाल साहू, सेवादल अध्यक्ष अय्यूब खान, साहू समाज के वरिष्ठ खिलानंद साहू, कमल साहू सहित समाज जन एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आज कर्मचारी फेडरेशन के कर्मचारी रहेंगे एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल पर

जिलेभर के फारेस्ट सहित कई विभाग के दफ्तरों में दिखेगा बंद का असर

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**एकबार फिर छग कर्मचारी फेडरेशन एसोशियेशन के सभी विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे। पिछले बार वन विभाग के कर्मचारी सरकार के वादे के मुताबिक लगभग महिनेभर लम्बी हड़ताल तोड़कर दफ्तर लौटे थे।**

हड़ताल स्थगित को माहभर बीत गये पर ना उनको किये वादे पूरे हुये और ना उनकी वेतन विसंगति, केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता,पदोन्नति की मांग पूरी हो सकी। सरकार के रवैये को लेकर वन कर्मी फिर से हुंकार भर रहे है और कल एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल से इसकी शुरूवात कर रहे है। हालांकि वन कर्मचारी अपने वेतन विसंगति को लेकर वर्षो से लड़ रहे हैं। सरकार आयी चुनाव के बाद वादे भी हुये पर इनकी मांग जस का तस रह गया।

### गरियाबंद जिले के दफ्तरों में होगा सन्नाटा

गरियाबंद वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डोमार सिंह कश्यप और सचिव दिनेशचन्द्र पात्र ने संयुक्त बयान में कहा कलमबंद हड़ताल का असर जिलेभर के पूरे दफ्तरो में दिखेगा। फेडरेशन के सभी कर्मचारी जिसमे कई विभाग शामिल है इनके सहित वनकर्मीयो के हड़ताल में चले जाने से सरकारी कामकाज भी ठप्प पड़ जायेगा और इनके एक दिन के हड़ताल मे भी कई विभागीय कार्य पिछड़ जायेंगे।

### इसके बाद फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

राज्यभर के समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अनुसार राज्यभर में अनिश्चित कालीन हड़ताल को लेकर तैयारी चल रही है और यदि कलम बंद के बाद भी उनके मुख्य मांगों को अनसुनी की गयी तो फेडरेशन लम्बी लड़ाई लड़ने को तैयार है।केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता जो इनकी प्रमुख मांग है उसे सरकार आज तक पूरी नहीं कर सकी है।

## लोहारडीह की महिलाओं ने की संसदीय सचिव से मुलाकात, रंगमंच व पहुंच मार्ग की ओर कराया ध्यानाकर्षित

रंगमंच के लिए डेढ़ लाख की घोषणा, पहुंच मार्ग के लिए अफसरों से चर्चा कर उचित पहल का दिया आश्वासन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

लोहारडीह की महिलाओं ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर गांव में रंगमंच निर्माण के साथ ही परसापानी से डेगना नारा पहुंच मार्ग निर्माण की ओर ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने तत्काल रंगमंच निर्माण के लिए डेढ़ लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। वहीं पहुंच मार्ग के लिए फारेस्ट की जमीन होने के कारण अफ सरों से चर्चा कर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। मंगलवार को ग्राम पंचायत लोहारडीह की इंदुमती निषाद, गौरी यादव, मिथलेश्वरी निषाद, नर्मदा बाई, दिप्ती ठाकुर, शकुंतला, रेवती बाई, गैंदी बाई, राम बाई, तुलसीबाई, हेमीन निषाद, आसमती ध्रुव, सेतकुमारी, इंदुबाई, चुनेश्वरी,



पूर्णिमा बाई, नूतन बाई, मानकी बाई आदि संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि ग्राम पंचायत लोहारडीह के वार्ड क्रं सात पेंड्राडीह में रंगमंच निर्माण की जरूरत है। रंगमंच नहीं होने से विभिन्न आयोजनों में काफ ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने यहां रंगमंच निर्माण की मांग रखी। इसी तरह महिलाओं ने वार्ड क्रं 15 परसापानी से डेगना नारा पहुंच मार्ग की जरूरत बताई। उन्होंने बताया कि पहुंच मार्ग नहीं होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में आवाजाही में काफी दिक्कतें आती है। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने विधायक निधि से रंगमंच निर्माण के लिए डेढ़ लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। वहीं पहुंच मार्ग के लिए वन विभाग के अफसरों से चर्चा कर उचित पहल करने का आश्वासन दिया।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 29 जून 2022

## आलिया भट्ट की फिटनेस पर फिदा भाग्य लक्ष्मी की एक्ट्रेस ऐश्वर्या



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट से प्रेरणा लेकर भाग्य लक्ष्मी की एक्ट्रेस ऐश्वर्या खरे ने योग के साथ-साथ मेडिटेशन करना शुरू कर दिया है। ऐश्वर्या ने कहा, जब फिटनेस की बात आती है, तो मैं आलिया भट्ट की ओर देखती हूं, साथ ही साथ काम पर भी फोकस बनाए रखती हूं। जिस तरह से आलिया अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद योग के लिए समय निकालती हैं और स्क्रीन पर खूबसूरत दिखती हैं, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि उनके जैसा कोई नहीं हो सकता है, लेकिन मैं स्क्रीन पर उनके जैसे ही फिट और ग्लैमरस दिखने की ख्वाहिश रखती हूं। ऐश्वर्या खरे ने कहा, इसलिए, मैं उनसे प्रेरणा ले रही हूं और पिछले कुछ हफ्तों से योग और मेडिटेशन पर ध्यान दे रही है।

## बिकिनी में अलाया फर्नीचरवाला ने ढाया कहर, फैंस की बढ़ी धड़कने

अलाया फर्नीचरवाला की बोल्ड एंड सिजलिंग फोटोज फैंस को अपना दीवाना बना लिया है। अलाया एफ यूं तो हमेशा ही अपने ग्लैमरस लुक्स और फिटनेस को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई रहती है। लेकिन अभिनेत्री की लेटेस्ट बिकिनी फोटोज ने तो सोशल मीडिया पर हंगामा मचा रही है।



बिकिनी में छाया अलाया का लुक: अलाया फर्नीचरवाला नई तस्वीरों में रेड एंड ब्लैक बिकिनी में सुपर स्टनिंग दिखाई दे रही हैं। बिकिनी में अलाया का सेंशुअस अंदाज देखकर किसी भी धड़कनें तेज हो सकती हैं। अभिनेत्री ने बिकिनी लुक के साथ अपने मेकअप को को एकदम सिंपल रखा है। मस्कारा और न्यूड लिप शेड में अलाया का लुक देखने लायक है। ओपन कर्ली मेसी हेयर अलाया के लुक में चार्म एड करने का काम कर रहे है।

बिकिनी पहने अलाया पूल साइड बैठकर पोज दे ती हुई दिखाई दे रही है। अलाया के एक्सप्रेशंस, लुक और उनका ग्रेस फैंस को दीवाना बना रहे है। अलाया की बिकिनी तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल होने लग गई है। फैंस अलाया की तस्वीर पर आंखे तेरी है कितनी हसी हाय, यू आर लुकिंग सो सेक्सी यार जैसे कमेंट्स करके एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांधने में लगे हुए है।

## बॉलीवुड में एंट्री करने जा रही है मशहूर अदाकारा जेनिफर विंगेट

टेलीविज़न की मशहूर अदाकारा जेनिफर विंगेट के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। टेलीविज़न पर कभी कुमुद तो कभी माया बनकर दर्शकों के दिल में जगह बनाने वाली जेनिफर अब बॉलीवुड में एंट्री करने वाली हैं। जी हां, जेनिफर अपने बॉलीवुड डेब्यू को तैयार हैं।



रिपोर्ट्स के अनुसार, जेनिफर विंगेट जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ बड़े पर्दे पर दिखाई देने वाली हैं। हालांकि ना जेनिफर ने और ना ही कार्तिक ने अभी इन खबरों पर कोई आधिकारिक बयान दिया है, लेकिन खबरों की मानें तो दोनों स्टार्स को एक प्रोजेक्ट के लिए निर्माताओं की तरफ से अप्रोच किया जा चुका है। रिपोर्ट्स हैं कि दोनों सितारें इस प्रोजेक्ट के लिए हां करने वाले हैं। यदि ऐसा होता है तो कार्तिक और जेनिफर को साथ में देखना वास्तव में बहुत दिलचस्प होगा।

जेनिफर विंगेट टेलीविज़न की सबसे लोकप्रिय ही नहीं बल्कि हाईएस्ट पेड अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कसौटी जिंदगी की में स्नेहा बजाज, दिल मिल गए में डॉ. रिद्धिमा, सरस्वतीचंद्र में कुमुद, बेहद में माया के किरदार से दर्शकों में गहरी छाप छोड़ी है। छोटे पर्दे के अतिरिक्त वे फिल्मों में भी चाइल्ड एक्टर के रूप में काम कर चुकी हैं। इस सूची में अकेले हम अकेले तुम, राजा की आएगी बारात, राजा को रानी से प्यार हो गया, कुछ ना कहो और फिर से... सम्मिलित है।।

## हर महिला के पास जरूर होने चाहिए ये पांच तरह के बैग

बैग न सिर्फ उपयोगी होते हैं बल्कि एक महत्वपूर्ण फैशन एक्सेसरी भी है। खासतौर से महिलाओं के लिए क्योंकि उनके ज्यादात्तर आउटफिट में जेब नहीं होती है, जिस वजह से उन्हें अपने साथ एक बैग कैरी करना पड़ता है, जिसमें वह अपनी हर जरूरत की चीज को रखती हैं। वैसे बाजार में अलग-अलग तरह के बैग उपलब्ध हैं, लेकिन आज हम आपको पांच ऐसे बैग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो हर महिला के पास जरूर होने चाहिए।



**टोटे बैग**- बाजार में उपलब्ध सबसे लोकप्रिय बैगों में से एक टोटे बैग बड़े होते हैं, जिसे महिलाएं अपने किसी भी तरह के आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। आमतौर पर कपड़े या फिर लैदर से बने टोटे बैग कैरी करने के लिए आरामदायक होते हैं और दैनिक इस्तेमाल या जब आप खरीदारी के लिए बाहर जाते हैं तो उसके लिए भी यह एकदम सही हैं। अच्छी बात यह है कि टोटे बैग पर्यावरण के अनूकुल होते हैं।

**शोल्डर बैग**- क्लासिक शोल्डर बैग 1990 के दशक के दौरान बहुत लोकप्रिय था और अभी भी आधुनिक पीढ़ी के बीच लोकप्रिय है क्योंकि यह स्टाइलिश है और आपके आउटफिट में एक अतिरिक्त स्टाइल शामिल करता है। आजकल बाजार में कई तरह के डिजाइन और मध्यम आकार में शोल्डर बैग मौजूद है, जिनमें से आप अपने पसंदीदा शोल्डर बैग खरीदकर कॉलेज, ऑफिस या फिर किसी छोटी ट्रेवलिंग ट्रिप के लिए कंधे पर टांग कर ले जा सकती हैं।

### स्लिंग बैग–

स्लिंग बैग का आकार छोटा होता है, इसलिए महिलाएं इसे कहीं भी जाते समय आसानी से कैरी कर सकती हैं और उसमें अपनी जरूरी चीजें जैसे चाबियां, मोबाइल, पैसे और दवाइयां आदि रख सकती हैं। इस बैग्स में एडजस्टेबल स्ट्रैप होता हैं, जिन्हें आप अपने कंफर्ट अनुसार बड़ा या छोटा करके कंधे पर टांग सकती हैं। यह बैग रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बिल्कुल सही है और आपके लगभग हर आउटफिट के साथ भी जचेगा।

## अनानास के इन फायदों को जानकार रोज खाएंगे आप

खट्टे -मीठे स्वाद के साथ से भरपूर अनानास को सेहत के लिए सबसे अहम और लाभकारी माना जाता है। जी हाँ और कई बीमारियों में मरीजों को इलाज के दौरान विशेषज्ञ इसे खाने की सलाह देते है। जी दरअसल अनानास बॉडी में इम्युनिटी बढ़ाने के लिए एक अच्छा तरीका माना जाता है और इसके सेवन से बॉडी से जुडी कई परेशानियां दूर होती है। आज हम आपको बताते हैं इसको खाने के फायदे।



* अनानास मोटापा दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योकि अनानास में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। इस वजह से अनानास का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होता है यह पाचन शक्ति को बढ़ाने के साथ साथ वजन को भी कम करने में सहायता करता है। जी दरअसल अनानास में विटामिन ए भी पाया जाता है इसमें विटामिन के अलावा फाइबर पोटेशियम फास्फोरस और कैल्शियम भी मौजूद होते है यह सभी तत्व बॉडी को हेल्दी रखने के लिए बहुत जरुरी होते है
* अनानास में फाइबर मैग्नीशियम होता है इसमें मौजूद थाइमिन हार्ट को हेल्दी रखने के लिए अच्छा माना जाता है। इसी के साथ अनानास में कई तरह के एंटी ऑक्सीडेंट्स तत्व पाए जाते है जो बॉडी को फिट रखने में सहायता करते है। जी हाँ और यह एंटीऑक्सीडेंट्स गठिया हृदय संबंधी रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से आपको दूर रखता है अनानास खाने से दांतऔर मसूड़े मजबूत होते है।
* हाई ब्लड प्रेशर से परेशान लोगो अपनी डाइट में पाइनेपल को शामिल कर सकते है। जी दरअसल इसमें पर्याप्त मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है और इसमें सोडियम की मात्रा काफी कम होती है। इसी के साथ इससे यह बॉडी में ब्लड फ्लो को शानदार बनाए रखता है।
* आपको शायद ही पता होगा कि अनानास में एंटी कैंसर एजेंट होते है। जी दरअसल अनानास के नियमित सेवन करने से बॉडी में कैंसर का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।



## विंबलडन में जोकोविच की 80वीं जीत

**कोन सून को दी शिकस्त; चारों ग्रैंड स्लैम में 80 या उससे अधिक मैच जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने**

टूर्नामेंट के टॉप सीड नोवाक जोकोविच ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में जीत के साथ अभियान शुरू किया। उन्होंने पहले राउंड में साउथ कोरिया के कोन सून वू को 6-3, 3-6, 6-3 और 6-4 से शिकस्त दी।



लगातार 3 बार के विजेता जोकोविच को सून वू ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। 7वां विंबलडन खिताब जीतने उतरे जोकोविच ने इसके बाद सून-वू को वापसी का मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ ही जोकोविच चारों ग्रैंड स्लैम में 80 या इससे अधिक मैच जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

### विंबलडन में सबसे ज्यादा खिताब फेडरर के नाम

विंबलडन में सबसे ज्यादा खिताब रोजर फेडरर ने जीते हैं। उन्होंने 8 बार खिताब अपने नाम किया है। वहीं जोकोविच ने यह खिताब 7 बार जीता है। वह पीट सम्प्रास और विलियम रेनशॉ के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### जोकोविच के पास 21वें ग्रैंड स्लैम के जीतने का मौका

जोकोविच के पास 21वां ग्रैंड स्लैम जीतने का मौका है। अभी तक सबसे ज्यादा 22 ग्रैंड स्लैम राफेल नडाल ने जीते हैं। रोजर फेडरर और जोकोविच 20-20 ग्रैंड स्लैम खिताबों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

पहले राउंड में जोकोविच ने साउथ कोरिया के कोन सून वू को 6-3, 3-6, 6-3 और 6-4 से शिकस्त दी।

पहले राउंड में जोकोविच ने साउथ कोरिया के कोन सून वू को 6-3, 3-6, 6-3 और 6-4 से शिकस्त दी।

महिला सिंगल्स में तीसरी वरीयता प्राप्त औंस जब्योर और एलिसन रिस्के भी दूसरे दौर में पहुंचने में कामयाब रहीं। अमेरिका की 28वीं वरीयता प्राप्त रिस्के ने स्विट्जरलैंड की यलेना इन-अलबोन को आसानी से 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। ट्यूनिशिया की जब्योर ने स्वीडन की क्वालिफायर खिलाड़ी मिर्जम ब्योर्कलुंड को एकतरफा मैच में 6-1, 6-3 से हराया।

## कप्तान पांड्या ने की जीत के साथ शुरुआत



**डबलिन ।** कप्तान हार्दिक पांड्या (एक विकेट और 24 रन) के ऑल राउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पहले टी20 मैच में आयरलैंड को सात विकेट से शिकस्त दी। बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ और आयरलैंड ने भारत के सामने 12 ओवर में 109 रन का लक्ष्य रखा, जिसे भारत ने 9.2 ओवर में ही प्राप्त कर लिया। भारत के लिए पहली बार पारी की शुरुआत कर रहे दीपक हुड्डा ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। हुड्डा ने 29 गेंदों की अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने 11 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्के लगाकर 26 रन की पारी खेली।

पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हार्दिक पांड्या ने ऑल राउंड प्रदर्शन करते हुए पहले आयरलैंड का एक विकेट चटका, और फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्कों की बदौलत 24 रन बनाए। आयरलैंड की ओर से क्रेग यंग ने दो ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि जोशुआ लिटल ने 2.2 ओवर में एक विकेट लेकर 39 रन दे दिए।

### एक नजर

मध्य प्रदेश ने रचा इतिहास

## 41 बार के विजेता मुंबई को हराकर पहली बार जीती ट्रॉफी



**बेंगलुरू ।** एम. चिन्ना स्वामी स्टेडियम में यहां रणजी ट्रॉफी के फाइनल मैच में मध्यप्रदेश (एमपी) ने 41 बार की चैंपियन टीम मुंबई को 6 विकेट से करारी शिकस्त देते हुए पहली बार ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टेस्ट की दूसरी पारी में मुंबई ने 57.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 269 रन बनाए थे, जहां उन्होंने एमपी को जीत के लिए 108 रन का लक्ष्य दिया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमपी की शुरुआत सलामी जोड़ी हिमांशु मंत्री और यश दुबे ने की। हालांकि, एक रन बनाकर दुबे दूसरे ओवर में ही गेंदबाज डी. कुलकर्णी की गेंद पर क्लीन बोल्ड होकर वापस पवेलियन लौट गए। उनके बाद शुभम एस शर्मा बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर आए और मंत्री के साथ पारी को आगे बढ़ाया।

एमपी के लिए लक्ष्य इतना कठिन नहीं था कि बल्लेबाजों को जीत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती। दूसरे विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 52 रन की साझेदारी हुई और हिमांशु मंत्री गेंदबाज शैम्स मुलानी के ओवर में क्लीन बोल्ड हो गए। उन्होंने 55 गेंदों पर तीन चौके की मदद से 37 रन बनाए। उनके बाद पार्थ सहानी क्रीज पर आए। हालांकि, सहानी भी गेंदबाज सैम्स मुलानी की गेंद पर कोतियान को कैच थमा बैठे और 5 रन बनाकर वापस पवेलियन लौट गए। उसके बाद रजत पाटीदार क्रीज पर आए और शुभम शर्मा के साथ पारी को आगे बढ़ाया। इस बीच शर्मा गेंदबाज मुलानी के ओवर में अरमान जाफर को कैच थमा बैठे। शर्मा ने इस दौरान 75 गेदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए।

## टेक्टर का अर्धशतक, आयरलैंड ने रखा 109 का लक्ष्य

**डबलिन ।** हैरी टेक्टर (33 गेंदों पर 64 रन) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत आयरलैंड ने भारत के सामने पहले टी20 में 109 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने टॉस जीतकर आयरलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया और 22 रन पर ही आयरलैंड के तीन विकेट चटक लिए। कप्तान एंड्रयू बलबर्नी शून्य पर आउट हो गए, जबकि पॉल स्टर्लिंग ने चार और गैरेथ डेलानी ने आठ रन बनाए।

इसके बाद हैरी टेक्टर ने लोर्कन टकर के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। टकर ने 16 गेंदों पर दो छक्कों की बदौलत 18 रन बनाए। आयरलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले टेक्टर ने 33 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 64 रन की पारी खेलकर आयरलैंड को 12 ओवर में 108 रन तक पहुंचाया।

सीरीज पर वेस्टइंडीज का कब्जा

## वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया, काइल मेयर्स रहे मैन ऑफ द सीरीज

वेस्टइंडीज ने दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के सेंट लूसिया में खेले गए अखिरी मैच में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। मैच के चौथे दिन बांग्लादेश ने आखिरी पारी में विंडीज के सामने जीत के लिए मात्र 13 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसे टीम ने बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया।



वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में जीत के हीरो काइल मेयर्स रहे, जिन्होंने पहली पारी में 146 रन बनाकर वेस्टइंडीज को अहम बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस सीरीज में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे। बांग्लादेश के खिलाफ इस सीरीज में उन्होंने 76.50 की औसत से 153 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। काइल मेयर्स ने पहली पारी में 146 रन बनाकर वेस्टइंडीज को अहम बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। काइल मेयर्स ने पहली पारी में 146 रन बनाकर वेस्टइंडीज को अहम बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश ने चौथे दिन 54 रन पर 4 विकेट खोए दिए। चौथे दिन की शुरुआत बांग्लादेश ने 6 विकेट के नुकसान पर 132 रनों से की थी। 148 के स्कोर पर अल्जारी जोसेफ ने मेहदी हसन को आउट कर बांग्लादेश को दिन का पहला झटका दिया।

उमरान मलिक को आज फिर मिलेगा मौका

## आयरलैंड के खिलाफ दूसरा टी-20 आज, ऋतुराज गायकवाड के खेलने पर सस्पेंस

भारत और आयरलैंड के बीच दो टी-20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला आज खेला जाएगा। पहले मुकाबले में जीत हासिल कर भारतीय टीम 1-0 से आगे है। अगर हमारी टीम दूसरा मैच जीत लेती है तो वह साल 2022 में टी-20 में तीसरी सीरीज अपने नाम करेगी। भारत ने इस साल अब तक श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीती है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर रहा।

चलिए जान लेते हैं कि इस मुकाबले के लिए भारत की प्लेइंग-11 क्या हो सकती है। साथ ही हम मौसम का हाल और पिच रिपोर्ट भी जानेंगे।




भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच में 12 ओवर में 108 रन लुटाए थे। इसके बावजूद बॉलिंग लाइनअप में बदलाव की उम्मीद काफी कम है। जम्मू एक्सप्रेस उमरान मलिक को फिर से मौका मिल सकता है। उमरान ने पहले मैच में सिर्फ 1 ओवर की गेंदबाजी की थी और 14 रन दिए थे। उनके अलावा भुवनेश्वर कुमार, कप्तान हार्दिक पंड्या और आवेश खान तेज गेंदबाजी का मोर्चा संभालेंगे। युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल स्पिनर डिपार्टमेंट का भार उठाएंगे।

# गौठानों के चारागाहों में 75 प्रतिशत भू-क्षेत्र बगीचे के रूप में होगा विकसित

## सभी पंचायतों में लोक वन के लिए भूमि चिन्हित करने जनपद सीईओ को निर्देश

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और समय सीमा में निराकृत जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होने निराकरण हेतु लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकृत करने संबंधित अधिकरियों को निर्देश दिए।



कलेक्टर ने राज्य शासन की मंशा के अनुरूप गौठानों को बहुउद्देशीय केंद्र बनाने और आय का साधन बढ़ाने गौठानों के चारागाहों में 75 प्रतिशत भू-क्षेत्र को बगीचे के रूप में विकसित करने कहा। यहां आम, अमरूद, कटहल, आंवला, नींबू, केला, पपीता, सीताफल आदि का रोपण कर बगीचे के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही गौठान क्षेत्रों में कोदो, दलहन, तिलहन एवं सब्जी का भी उत्पादन किया जाना है। इसी तरह अमृत सरोवरों में वृक्षा रोपण और सभी पंचायतों में लोक वन भी विकसित किया जाना है। इसके लिए तीनो जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने सभी सीईओं को राजीव गांधी मितान क्लब के वॉलेंटियरो के जरिये सुपोषण, स्वच्छता सहित शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने कहा, ताकि प्रात्रता के अनुसार अधिक से अधिक लोग जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होने सभी स्कूलों एवं

**राजीव गांधी मितान क्लब के वॉलेंटियर ग्रामीणों को देंगे शासकीय योजनाओं की जानकारी**

**महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की आपूर्ति स्कूल, छात्रावास-आश्रम एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कराने के निर्देश**

**कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक**

आंगनबाड़ी केंद्रो में रनिंग वाटर सुनिश्चित करने तथा रनिंग वाटर में उपयोग होने वाले पाइप, टंकी एवं मोटर की गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होने जर्जर एवं मरम्मत योग्य स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रो का प्रस्ताव देने के साथ ही डीएमएफ मद से जिन कार्यो के लिए प्रस्ताव भेजे गये थे उनका तकनीक स्वीकृति प्राप्त कर कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों-झाड़ू, पोछा, फिलाइल, साबुन, आचार, पापड़, बड़ी आदि की आपूर्ति स्कूल, छात्रावास-आश्रम एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अनिवार्य रूप कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने किसानों की ई-केवाईसी अपडेट कराने, धान के बदले वैकल्पिक फसल लेने तथा खेती के लिए आवश्यकता अनुसार ऋण उपलब्ध कराने के लिए जिला केंद्रीय सहाकारी बैंक के अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने जनसंवाद शिविरों में प्राप्त आवेदनों मे से निराकरण हेतु शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने, प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराने, पहुंच मार्ग, पुलिया निर्माण, सामुदायिक शौचालय, स्कूलों में आहाता निर्माण, मुआवजा वितरण, फसल बीमा, फर्जी जाति प्रमाण के आधार पर नौकरी करने से संबंधित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, वनमण्डलाधिकारी श्री दिनेश पटेल, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, संयुक्त कलेक्टर आनंद रूप तिवारी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

---

छत्तीसगढ़ में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## 19 जिलों के कलेक्टर सहित 37 IAS का ट्रांसफर, सौरभ कुमार की जगह सर्वेश्वर भूरे संभालेंगे राजधानी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने इस साल का सबसे बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) संवर्ग के 37 अफसरों का तबादला हुआ है। इसमें 19 जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं।



सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से मंगलवार को जारी आदेश से रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार को अब बिलासपुर का कलेक्टर बना दिया गया है। वहीं सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे को रायपुर कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली है। भूरे अभी तक दुर्ग जिले के कलेक्टर थे।

कोरबा कलेक्टर रानू साहू को वहां से हटाकर रायगढ़ का कलेक्टर बना दिया गया है। वहीं सरगुजा कलेक्टर संजीव कुमार झा को कोरबा कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है।

राजनांदगांव कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा को भी बदल दिया गया है। सिन्हा को अब जांजगीर-चांपा का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं बलौदा बाजार-भाटापारा के कलेक्टर रहे डोमन सिंह को राजनांदगांव की जिम्मेदारी मिली है। दुर्ग जिले की कमान पुष्पेंद्र कुमार मीणा को मिली है। मीणा अभी कोण्डागांव के कलेक्टर थे। इस फेरबदल से जिन जिलों के कलेक्टर प्रभावित हो रहे हैं उनमें, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, कांकेर, राजनांदगांव, कबीरधाम, बस्तर, दुर्ग, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, सरगुजा, बलौदा बाजार-भाटापारा, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा, बालोद, सुकमा, बलरामपुर-रामानुजगंज और मुंगेली शामिल है।

---

## मानसिक चिकित्सालय में मरीजों की सुविधायें बढ़ाने कई निर्णय

कमिश्नर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित

**बिलासपुर ।** कमिश्नर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आज यहां उनके कार्यालय के सभाकक्ष में सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय की जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मरीजों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिये गये। इनमें अस्पताल में जीवनदीप समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये ईईजी मशीन से मरीजों की जांच के लिए रियायती दर मात्र 300 रूपये शुल्क लिये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ईईजी जांच की यह सुविधा पूरे छत्तीसगढ़ में केवल सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में उपलब्ध हुआ है। बाजार में लगभग डेढ़ हजार के लगभग इसका सेवा शुल्क लिया जाता है। अस्पताल के कोर्टयार्ड को बारबेड



वायर से घेरने पर भी सहमति बनी जिससे मरीजों के दीवार फांदकर भाग जाने की घटनाओं पर विराम लग सकेगी।

इसके अलावा रसोई घर के सामने कीचन शेड निर्माण, छत मरम्मत, टॉयलेट सुधार और जीवनदीप समिति के खाते की 20 लाख राशि को फिक्सड डिपाजिट में रखने का निर्णय किया गया। अस्पताल संचालन के लिए पूर्व में खर्च किये गये जरूरी 2 लाख 8 हजार रूपये की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में अधीक्षक डॉ. बी.आर.नंदा ने अस्पताल का प्रतिवेदन एवं पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में 159 मरीजों की भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 70 मरीजों का ओपीडी में इलाज किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता, डिप्टी कमिश्नर श्रीमती अर्चना मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राकेश शोरी सहित जीवनदीप समिति के सदस्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

## एक नजर

क्लेफ्ट पैलेट का सफल ऑपरेशन

### आदित्य अब अच्छे से बोल पाएगा




**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही ।** ग्राम जाटादेवरी के 6 वर्षीय आदित्य पैकरा, पिता श्री धमेन्द्र पैकरा को जन्म से ही तालू गत विकृति (क्लेफ्ट पैलेट) से ग्रसित था जिसके कारण उसे स्पष्ट बोलने एवं खाने-पीने की समस्या जन्म हो रही थी। इसके इलाज के लिए आदित्य के पिता रायपुर तक का चक्कर लगा चुके थे। आदित्य के बढ़ते उम्र के साथ इस विकृति के इलाज हेतु आशंकित भी थे। पेण्ड्रा विकासखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित चिरायु कार्यक्रम के टीम क्रमांक-2 के द्वारा ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रो में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आदित्य के इस विकृति का पता चला। टीम ने आदित्य के आंशकित परिजनों का काउंसलिंग कर शासन के चिरायु योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके मन में ऑपरेशन को लेकर उठ रहे सवालों का निराकरण कर उन्हें शासन के योजना के अंतर्गत निशुल्क उपचार हेतु प्रेरित किया। फिर 9 जून को जिले में संचालित चिरायु मेगा कैम्प में बच्चे का रजिस्ट्रेशन कराकर शासन द्वारा अनुबंधित निजी अस्पताल (लाडीकर हॉस्पिटल) बिलासपुर में 24 जून को एडमिट कराया गया, जहाँ 26 जून 2022 को आदित्य का ऑपरेशन सफलता पूर्वक कराया गया। शासन के इस पहल से पिता धर्मेन्द्र पैकरा काफी खुश है। श्री पैकरा ने इसके लिए शासन को धन्यवाद दिया है।

### पदम् पुरस्कारों के लिए नामांकन 10 अगस्त तक

**बिलासपुर ।** भारत सरकार द्वारा पदम् पुरस्कार श्रृंखला के तहत वर्ष 2023 में पदम् विभूषण, पदम् भूषण तथा पदम् श्री पुरस्कार प्रदान करने के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे हैं। नामांकन प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2022 है।

पदम् पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा कला, साहित्य और शिक्षा, खेल चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों एवं सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, किसी जाति, व्यवसाय, हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। इन पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाईट http://padmaawards.gov.in पर उपलब्ध है। पदम् पुरस्कारों हेतु निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट योग्य एवं पात्र व्यक्ति कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर में नामांकन प्रस्ताव जमा कर सकते हैं।

### ठाकुर देव प्राथमिक उपभोक्ता भंडार सहकारी समिति की सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 4 जुलाई तक

**बिलासपुर ।** ठाकुर देव प्राथमिक उपभोक्ता भंडार सहकारी समिति मर्यादित चांटीडीह की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन किया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 4 जुलाई तक समिति प्रबंधक श्री जे.पी.साहू के पास समिति के संस्था कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत दावों एवं आपत्तियों का निराकरण कर सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जुलाई 2022 को किया जाएगा।

### विराट 108 कुण्डीय नारी जागरण नैतिक संवर्धन गायत्री महायज्ञ हेतु गायत्री परिजनों द्वारा सामुहिक साधना

**धमतरी ।** गायत्री शक्तिपीठ नगरी में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम चरण पर सभी सप्त ऋषियों के आश्रम पर सवा लाख जप का कार्यक्रम निर्धारण किया गया है। जिसमें प्रथम स्थान परम् पूज्य ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पण्डित श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा प्राण प्रतिष्ठा सप्त ऋषियों का तप: क्षेत्र नगरी,जिला धमतरी में गायत्री परिजनों के द्वारा एक लाख अड़तालीस हजार... गायत्री महामंत्र का जप किया गया,साथ ही संगीतमय वातावरण में एक कुंडीय गायत्री यज्ञ व एक गर्भ संस्कार सम्पन्न हुआ।

---

## बिलासपुर पुलिस विभाग में थाना प्रभारियों का हुआ स्थानांतरण, इनको मिली कहां की जिम्मेदारी




बिलासपुर । जिले में पदस्थ कई थाना प्रभारियों के प्रभार में बदलाव किया गया है, जिसमें सिटी कोतवाली, सरकंडा, कोनी, पचपेड़ी सहित चौकी प्रभारियों के नाम शामिल है, गौरतलब है कि लंबे समय से इस फेरबदल की संभावना बनी हुई थी, जिसके मद्देनजर ही जिले के थानों में पदस्थ अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किए गए है।

1. निरीक्षक सुनील तिर्की थाना प्रभारी कोनी से थाना यातायात
2. निरीक्षक सुखनंदन पटेल यातायात से थाना प्रभारी कोनी
3. निरीक्षक हरिश्चंद्र तांडेकर थाना प्रभारी सरकंडा से थाना प्रभारी सीपत
4. निरीक्षक उत्तम कुमार साहू रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी सरकंडा
5. निरीक्षक भारती मरकाम रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी सिटी कोतवाली
6. निरीक्षक शीतल सिदार थाना प्रभारी कोतवाली से रक्षित केंद्र (शिकायत शाखा जिला पु.कार्या.)
7. निरीक्षक मोहनलाल भरद्वाज थाना यातायात से थाना प्रभारी पचपेड़ी
8. निरीक्षक सुनील कुमार कुर्रे थाना प्रभारी पचपेड़ी से यातायात थाना
9. निरीक्षक अंजना करकेट्टा रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी बिल्हा
10. निरीक्षक लक्ष्मी बंजारे रक्षित केंद्र से यातायात थाना
11. एसआई पारस पटेल बिल्हा थाना से चौकी प्रभारी बेलगहना
12. एसआई अजय कुमार वारे चौकी प्रभारी बेलगहना से एसीसीयू सेल बिलासपुर
13. एसआई राज सिंह प्रभारी जिविशा को थाना सरकंडा स्थानांतरित किया गया है।

---

## दोनों पैर से दिव्यांग बिरासिया बैगा को विधायक डॉ के के ध्रुव के हाथों मिला मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल

कलेक्टर के संज्ञान में आने पर एसडीएम को दिए थे निर्देश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** मरवाही विकासखंड के ग्राम चंगेरी की वृद्धा बिरासिया बैगा को मरवाही विधायक डॉ के के ध्रुव ने आज अपने हाथों से मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान किया। बिरासिया बाई दोनों पैर से दिव्यांग हैं। उन्हें पूर्व में ट्राईसाईकिल दिया गया था।

उन्हें चलने फिरने में परेशानी हो रही थी। यह बात कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के संज्ञान में आने पर उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही को आवश्यक



कार्यवाही के निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में एसडीएम श्री देव सिंह उईके ने

जनपद पंचायत मरवाही के सीईओ डॉ राहुल गौतम से जानकारी लेकर बिरासिया बैगा को आज समाज कल्याण विभाग की दिव्यांग योजना सहायता योजना के तहत मोटराइज्ड साइकिल प्रदान किया गया। सीईओ डॉ गौतम ने बताया कि दिव्यांग बिरासिया को पेंशन दिया जा रहा है। उन्हें शौचालय की स्वीकृति के लिए जिला पंचायत डीआरडीए को प्रकरण प्रेषित किया गया है।

---

# कलेक्टर ने की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला पंचायत डीआरडीए के मां नर्मदा सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित अन्य आजीविका मूलक गतिविधियों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने एनआरएलएम के मूल उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि समूह बैठक के दौरान सभी सदस्यों को इसके संबंध में विशेष जानकारी दी जाय। जिले को आवंटित समूह गठन, ग्राम संगठन, क्लस्टर स्तरीय संगठन गठन का लक्ष्य पूर्ण करने एवं बैंक लिंकेज एवं चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि आदि समय सीमा में समूहों को उपलब्ध कराने एवं विकासखण्ड स्टाफ द्वारा निरंतर इसकी समीक्षा करने हेतु कहा। बैंको द्वारा सीबीआरएम कमेटी की बैठक तिथि अनुसार करने एवं जो स्वसहायता समूह एनपीए की श्रेणी में आ रहे हैं, उनका ऋण बैंको में जमा कर एनपीए की श्रेणी से बाहर करने हेतु कहा गया, साथ ही निर्धारित समय सीमा में समूहों, ग्राम संगठनों के खाते बैंक में खोलने हेतु कहा गया। इसी तारतम्य में समूहों की आजीविका गतिविधियों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन की मंशानुसार कार्य करने के लिए समूह की प्रत्येक महिला कम से कम 6000 रूपए मासिक आय कर रही हो, समूह की लगभग सभी महिलाऐं आजीविका गतिविधियों से जुड़ी हो इस उद्देश्य से कार्य करने कहा।



कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त आदिवासी आश्रम, छात्रावासों, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ियों में समूहों द्वारा उत्पादित एवं निर्मित सामग्री आपूर्ति हेतु शतप्रतिशत समूहों की टैगिंग के लिए कहा गया, साथ ही समूहों द्वारा सप्लाई की जा रही सामग्री एवं समूहों को हो रही आय के संबंध में निरंतर मॉनीटरिंग करने कहा गया। पेण्ड्रा विकासखण्ड में संचालित संवहनीय कृषि परियोजना सीएमस की समीक्षा में निर्देशित किया गया कि जैविक खेती को बढावा दिया जाय एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शतप्रतिशत महिला किसानों का चयन एक सप्ताह के अंदर कर उन्हे लाभ दिया जाय। इसी वित्तीय वर्ष से पेण्ड्रा के 21 एवं गौरेला के 40 नवीन ग्रामों का चयन किया, इस संबंध में 3 दिवस में परियोजना की गतिविधियाँ संचालित करने हेतु संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया गया।

बैठक में परियोजना निदेशक श्री आर के खुटे ने कहा कि संकुलों के लिए यह अच्छा अवसर है, कि शासन द्वारा वृक्षारोपण का कार्य समूह संकुलों से कराया जायेगा। गोधन न्याय योजना अंतर्गत निर्देशित किया गया कि गौठानों में संलग्न समूहों द्वारा अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियों को संचालित किया जाए ताकि शासन की गौधन न्याय योजना का उद्देश्य सफल हो सके। श्री खुटे द्वारा निर्देशित किया गया कि फलदार एवं सुपोषित पौधो को गौठानों में वृक्षारोपण कराएं इसके साथ-साथ मुर्गी पालन, बकरी पालन, मछली पालन गतिविधियों को बढावा दिया जाय।

शासन द्वारा मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य हेतु एनआरएलएम के संकुल संगठनों का चयन क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में किया गया है, इसके लिए निर्देशित किया गया कि क्लस्टर अंतर्गत चयनित पंचायतों एवं ग्रामों में हितग्राहियों का चयन कर नर्सरी निर्माण एवं वृक्षारोपण के प्रस्ताव जिला कार्यालय 5 दिवस के अंदर भेजें ताकि समय सीमा में फील्ड स्तर पर कार्य कराया जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किया गया कि जिले को निर्धारित लक्ष्य का प्रथम त्रैमास अनुसार प्रगति 7 दिवस के अंदर पूर्ण हो एवं जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों जनपद पंचायत को स्टाफ के कार्यों का समीक्षा करने के साथ-साथ प्रति सप्ताह जनपद स्तर पर समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में जिला एवं विकासखण्ड के समस्त स्टाफ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौरेला, पेण्ड्रा एवं मरवाही, जिला मिशन प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एसएमआईबी एवं वित्तीय समावेशन, जिला विकास विस्तार अधिकारी, सहायका विकास विस्तार अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं एनआरएलएम कैडर में प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन, वित्तीय साक्षरता समुदायिक पर्सन, रिसोर्स बुक कीपर उपस्थित रहे।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुरू

## 27 जून से 24 जुलाई तक दी जाएगी परिवार नियोजन की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 27 जून से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, इन कार्यक्रमों को दो पखवाड़े में मनाया जाएगा। प्रदेश में इसे 27 जून से शुरू किया गया पर रायगढ़ में 24 जून से आरंभ हो गया है।**



### जागरूकता रथ को सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



24 जून से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम के दो हिस्से-दम्पत्ति सम्पर्क पखवाड़ा और जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। पहले पखवाड़े को 24 जून से 10 जुलाई तक दम्पत्ति सम्पर्क पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा जिसमें एएनएम और मितानिन द्वारा घर-घर सम्पर्क स्थापित कर लक्ष्य दम्पत्ति से संपर्क कर सर्वे किया जाएगा। इसमें हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें स्थाई एवं अस्थायी परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिये प्रेरित किया जाएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर नए अस्थाई परिवार नियोजन साधनों के बारे में चर्चा हेतु सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में गर्भनिरोधक साधनों जैसे अंतरा एवं छाया के बारे में विशेष रुप से जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में 11 जुलाई से 27 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित होगा जिसमें चिन्हित हितग्राहियों को परामर्श एवं परिवार नियोजन की सेवाएँ दी जाएंगी। इस दौरान पुरुष नसबंदी पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। इस पखवाड़े के दौरान स्वास्थय केन्द्रों पर कंडोम बॉक्स भी रखे जायेगें जिसमें से लोग बिना झिझक के निःशुल्क कंडोम प्राप्त कर सकेंगे। इस बारे में मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बताया जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक करने के लिए जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसमें उन दंपति को लक्ष्य के रूप में रखा जाएगा, जिन्होंने अभी-अभी संतान हुयी हैं। इनको अस्थाई तौर पर गर्भनिरोधक और परिवार पूरा होने पर नसबंदी जैसे परिवार नियंत्रण उपायों की जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के परिवार कल्याण इकाई के परिवार नियोजन अधिकारी डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कोविड के समय में भी जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए वृहद कार्यक्रम चलाए गए थे।

अब इस साल हमनें 27 की बजाए 24 जून से है पखवाड़े की शुरुआत जागरूकता रथ निकालकर की है। इस बार और सक्रियता से इसे मनाया जा रहा है क्योंकि अभी कोविड संक्रमण दर कम है। इस बर पखवाड़ा परिवार नियोजन का करो उपायए लिखो तरक्की का नया अध्याय के थीम पर मनाया जा रहा। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण एनएफएचएस के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार परिवार नियोजन को लेकर किये जा रहे तमाम जतन का प्रभाव भी इस बार देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा परिवार नियोजन के संबंध में ऐसे लोगों से संपर्क किया गया जो इसके बारे जानते नहीं थे। यह दर 12.6 प्रतिशत से बढ़कर 38.4 प्रतिशत तक बढ़ गई है। वर्तमान में परिवार नियोजन के लिए विविध प्रकार के साधनों का प्रयोग कर रहे 89.2 प्रतिशत लोगों ने इसके साइड इफेक्ट के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बताया जो पहले 32.8 प्रतिशत था।

### जनसंख्या स्थिरीकरण में हो रहा सुधार

जनसंख्या स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण कारक कन्ट्रासेप्टिव प्रिवलेंस रेट यानि गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग की दर में भी वृद्धि हुई है और यह एनएफएचएस -4 (2015-16) में 52.3 प्रतिशत से बढ़कर एनएफएचएस-5 (2020-21) 64.1 प्रतिशत हो गई है। एनएफएचएस 4 में जहां आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों का 49 प्रतिशत उपयोग हो रहा था वहीं एनएचएफ एस-5 में यह आंकड़ा बढ़कर 56 प्रतिशत हो गया है। एन एफएच एस-5 से यह भी पता चलता है कि गर्भनिरोधक साधनों की कमी की दर में भी कमी आई है। यह 13.1 प्रतिशत से घटकर 10.3 प्रतिशत पर आ गयी है। यह दर ऐसे योग्य दम्पत्तियों की दर को दर्शाती है जिनको गर्भनिरोधक साधनों की जरुरत है और वह उनको अपनाना भी चाहते हैं किन्तु उनकी पहुंच गर्भनिरोधक साधनों तक नहीं है।

## एक नजर

### वित्तीय अनियमितता पर बीईओ कार्यालय पुसौर का लिपिक निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले के सभी विकास खण्डों के अभिलेखों का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन हेतु विभागीय जांच टीम गठित की गई। जांच उपरांत विकास खण्ड पुसौर कार्यालय द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों यथा मुख्य रोकड़ पंजी (मेन कैशबुक), मध्यान्ह भोजन कैशबुक, बैंक स्टेटमेंट का मिलान किए जाने पर लगभग 25 लाख रूपये की राशि जो बैंक से आहरित की गई है किन्तु उनका कैशबुक में उल्लेख होना नहीं पाया गया और न ही उक्त राशि का बिल व्हाउचर उपलब्ध होना पाया गया। उक्त प्रकरण पर संलिप्त श्री मनोज कुमार संजय सहायक ग्रेड 3 के विरूद्ध लगभग 25 लाख रूपये स्वयं के नाम से आहरित कर स्वयं के उपयोग में किया जाना पाया गया। मनोज कुमार संजय सहायक ग्रेड-3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विजय कुमार तिर्की तत्कालीन विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर वर्तमान में प्राचार्य शास. हाई स्कूल बुनगा एवं दिनेश कुमार पटेल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर को प्रकरण पर दोषी व्यक्ति की जवाबदेही तैयार कर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया है। साथ ही आवश्यकतानुसार मनोज कुमार संजय के विरूद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया है ।

### जिला अल्पसंख्यक समिति की त्रैमासिक बैठक 30 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं समस्याओं के समाधान व सुझाव हेतु जिला अल्पसंख्यक समिति की त्रैमासिक बैठक 30 जून 2022 को शाम 4.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### फरसगांव जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 में उप चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न



**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के अंतर्गत विकास खण्ड फरसगांव में पंचायत उप चुनाव निर्वाचन 2022 में जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत फरसगांव जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 के लिए दो प्रत्याशी आमने सामने थे जिसमे बसमन नेताम व कमलेश नेताम मध्य मुकाबला हुआ मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है वही शांति पूर्ण मतदान सम्पन हुआ है जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 में 3 ग्राम पंचायत जैतपुरी, कबोंगा और कोसागांव आते है प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक 7 पोलिंग बूथ में 3445 महिला व पुरुष मतदाता में से 1503 मतदाताओं के द्वारा अपने मत का प्रयोग किया गया कुल 43.63 प्रतिशत प्रतिशत मतदान हुआ जो इस क्षेत्र के लिए बहौत ही कम मतदान है लोगो का मानना है की क्षेत्र ज्यादातर जनता किसानी कार्य करते है और सभी लोग अपने अपने खेतों व्यस्त थे जिसके चलते मतदान का प्रतिशत मात्र 43.63 प्रतिशत रहा मत पत्रों की गिनती की प्रक्रिया मतदान केंद्रों की जा रही है साथ ही जीते हुये प्रत्याशी की विधिवत घोषणा जनपद कार्यालय फरसगांव से 30 जून सुबह 9 बजे की जायेगी ।

### पांच विपत्तिग्रस्त परिवार को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा** । कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत पांच विपत्तिग्रस्त परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए दी जाएगी। इसके तहत पंडरिया तहसील के ग्राम चियाडांड निवासी पोहनीन बाई की किलकिला नदी पुल में गिरने तथा नदी मे डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त बुधराम (मृतिका के पति) को, ग्राम माठपुर निवासी रामसिंह की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त बजरहीन (मृतक की पत्नी) को, ग्राम दशरंगपुर निवासी समृद्धि डाहिरे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त जसवंत डाहिरे (मृतिका के पिता) को, बोड़ला तहसील के ग्राम घटमुड़ा दुर्जनपुर निवासी धनीराम बैगा की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त हिरमोतिन(मृतक के पुत्री) को और पंडरिया तहसील के ग्राम अंधियार खोर निवासी धनकुमार की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त दादूराम सतनामी को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# अग्निपथ योजना' युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ः कुलबीर



**राजनांदगांव।** केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा घोषित ''अग्निपथ योजना'' को देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए कांग्रेसजनों ने सत्याग्रह के माध्यम से विरोध प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार को जमकर गरजे और हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी उस सवाल दागे।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम जी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 27 जून विधानसभा स्तरीय सत्याग्रह का आयोजन किया गया है। इसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अरूण सिसौदिया जी के मागदर्शन में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा जी, ग्रामीण जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव थानेश्वर पाटिला की उपस्थिति में 27 जून सोमवार को सुबह महावीर चौक फ्लाई ओव्हर के नीचे केन्द्र द्वारा घोषित 'अग्निपथ योजना' के विरोध में सत्याग्रह धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस सत्याग्रह को छग अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान,

### शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा महावीर चौक पर किया सत्याग्रह

राजगामी संपदा के अध्यक्ष विवेक वासनिक, वरिष्ठ कांग्रेसी शशिकांत अवस्थी, रमेश राठौर, कुतबुद्दीन सोलंकी, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, ग्रामीण कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रौशनी सिन्हा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, आफताब आलम, झम्मन देवांगन, गोवर्धन देशमुख, डा.राकेश कुमार, योगेन्द्र प्रताप सिंह, एजाजूर रहमान, मामराज अग्रवाल, भरत सोनी, बबलू कसार, ईश्वर पटेल, अमित जंघेल, प्रमोद बागड़ी, पूर्णिमा नागदेवे, अजय छेदैया, , अब्बास खान, शिवम गढ़पायले, संजय साहू ने संबोधित किया। छग खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने सेना भर्ती के लिए तीन वर्ष से कोई नौकरी जारी नहीं की है। अब अग्निपथ योजना लाकर देश के युवाओं को अपने पूंजीपति साथियों की सुरक्षा, उनकी संपत्तियों की सुरक्षा और भाजपा नेताओं के कहे अनुसार अपने कार्यालय की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी देने की बात करते है। महापौर हेमा देशमुख ने अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार, सौ दिन में महंगाई कम करेंगे।

# जोगी कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय रेल मंत्री और रायगढ़ सांसद का पुतला

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आज रायगढ़ शहर के शहीद चौक के पास जोगी कांग्रेस के पदाधिरकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए और रेल्वे प्रशासन के मनमाने रवैये के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ट्रेनों के परिचालन का रद्द होने का सिलसिला लगातार बदस्तूर जारी है। मुसाफिर परेशान है। दर्जनों ट्रेन एक साथ कैंसल कर दी जा रही है। साथ ही जो ट्रेन चल रही है वह अपने समय पर नहीं चल रही है। मुसाफिरों को टिकट कैसिलेशन के साथ लेटलतीफी का भी सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दे कि आज जोगी कांग्रेस के द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री और रायगढ़ सांसद का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस बल भी मुस्तैद रही। पार्टी कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री एवं रायगढ़ सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जोगी कांग्रेस रायगढ़ के अध्यक्ष आशीष उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 11 सांसद है। ट्रेनें रद्द होने से आमजन परेशान है। लेकिन किसी ने भी रेल मंत्रालय में बात नही की हैं। जनता की आवाज बुलंद करने जोगी कांग्रेस आगे आई है। जोगी कांग्रेस ने लगातार पत्राचार किया लेकिन रेल्वे प्रशासन ने ध्यान नही दिया। पुतला दहन कर हम उन्हें नींद से जगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग ने बानगांव और पेंसरा में किया सास-बहू सम्मेलन का आयोजन



**फरसगांव।** स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 28 जुन मंगलवार को विकासखण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत बानगांव और पेंसरा में सास-बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया, इस सम्मेलन में ग्राम के सभी सास एवं बहुयें उपस्थित हुई । जिसमे सास बहु को घर परिवार में सुख शांति समृद्धि के लिए परिवार नियोजन के लिए जानकारी देकर जागरूक किया गया, इस सम्मेलन में पहुंचे सास बहूओ को बताया गया की पहला बच्चा शादी के दो साल बाद तथा दुसरे बच्चे तीन साल का अंतर होना जरूरी है, गर्भावस्था में उचित खानपान खाना जरूरी है ।

# विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं की सरकारी नौकरी में भर्ती के लिए प्रारंभ करें प्रक्रिया-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को पात्रतानुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं के बारे में संकलित की गयी जानकारी पर चर्चा की।**



सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के अंतर्गत बिरहोर जाति के युवाओं को चिन्हांकित किया गया है। जिनकी संख्या 65 है। जिसमें से 8 वीं पास 59, हाई स्कूल 05 व हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण 01 हितग्राही शामिल है। कलेक्टर सिंह ने इनकी योग्यता के अनुसार विभागों में पदों पर सीधी भर्ती के निर्देश दिए। गौरतलब है कि शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित पात्र युवाओं की जिले में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर पात्रतानुसार सीधी भर्ती करने के संबंध में निर्देश जारी हुए है।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि पिछले दिनों निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आयी कि सहकारी समितियों में वर्मी कम्पोस्ट का पर्याप्त भंडारण नहीं है, उन्होंने इस पर गहरी नाराजगी जतायी और कृषि अधिकारी को समितियों में कम्पोस्ट का भंडारण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी की भी समीक्षा की। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन गौठानों में गोबर खरीदी कम हो रही है वहां गौठान समिति और नोडल के साथ पशुपालकों की बैठक लेकर खरीदी बढ़ायी जाए। नये बने वर्मी टांके गाईड लाईन्स के अनुसार ही बने जिससे उसमें कम्पोस्ट तैयार करने में आसानी हो। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत वन विभाग सहित सभी गौठानों में एप के माध्यम से खरीदी कर उसकी रोजाना ऑनलाईन एन्ट्री गौठानों के नोडल अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। ऑनलाईन एन्ट्री के अनुसार ही भुगतान की कार्यवाही की जाती है। अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने मॉडल गौठानो में मल्टीएक्टिविटी और ग्रामीण औद्योगिक केंद्रों (रीपा)का काम जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। वहां इंस्टाल मशीनों को ऑपरेट कर महिलाओं की ट्रेनिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर भीम सिंह ने पीएचई विभाग के अधिकारियों के साथ सभी सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि जिले में कहीं भी बोरवेल खुले नहीं होने चाहिए। जहां भी अनुपयोगी या फेल बोरवेल हो तो उसे रेत, मिट्टी और पत्थर भरकर सतह को पहले जैसा ठोस व समतल किया जाए। उन्होंने सभी सीईओ जनपद को पंचायत स्तर पर इसकी विशेष रूप से जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस विषय में शासन ने गाइड लाइन्स जारी की हैं, जिसका अनिवार्य रूप से पालन किया जाना है। उन्होंने कहा कि निजी भूमि पर भी किए गए बोर असफल व अनुपयोगी है तथा खुले हुए है उसे भी लोगों को जागरूक करते हुए तत्काल बंद करवाया जाए।

कलेक्टर सिंह ने समग्र शिक्षा के तहत आरईएस के द्वारा स्कूलों में बनवाये जा रहे शौचालयों का कार्य पूर्ण नहीं होने पर गहरी नाराजगी जतायी तथा जल्द सभी काम पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी मॉनिटरिंग के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने कोतरा व कोड़ातराई में खुलने जा रहे स्वामी आत्मानंद स्कूल के संचालन हेतु सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सारंगढ़, जिला -रायगढ़ ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /बी-121/2021-22

स्थान - गुडेली

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिक शशी भूषण पिता शौकीलाल जाति ... ग्राम गुडेली तहसील सारंगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग) के द्वारा उसके दादा/दादी/माता/पिता/पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री/ स्वयं नान्हू पिता/पति संतोष जन्म/मृत्यु दिनांक 16/08/2003 को होने का पंजीयन समय अवधि में नहीं करा पाने तथा संबंधित जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रार से पंजीयन कराये जाने का आदेश करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं ईश्तहार प्रकाशन हेतु शुल्क अदाकर प्रमण पत्र मिलने हेतु निवेदन किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह दिनांक 24/6/2022 को अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगाद्ध

आज दिनांक 10/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार**
एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी
सारंगढ़

# पंडरीपानी गांव किनारे हाथियों की घुसपैठ, फलदार पेड़ों को तोड़कर किया धराशायी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वन अपरिक्षेत्र अंतर्गत पंडरीपानी गांव में बिती रात हाथियों के एक महादल ने जमकर उत्पात मचाया। फलदार पेड़ों को तोड़कर बर्बाद कर दिया।





इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिती रात को धरमजयगढ़ क्षेत्र के पंडरीपानी गांव से बिल्कुल सटे किसान थनवार साय राठिया के बाड़ी में 23 हाथी आ धमके और आम व अन्य फलदार वृक्षों को खाकर एवं तोड़कर पूरी तरह से तहस नहस कर दिया साथ ही गांव के एक घर की दीवार तोड़कर सामग्री को नुकसान पहुंचाया। जिसे लेकर प्रभावित ग्रामवासी हाथी से खौफ खाए हुए है बेहद चिंतित हैं हालांकि सूचना पर संबंधित विटगार्ड द्वारा मौका मुआयना कर नुकसानी का आकलन करते हुए आगे की राहत राशि की प्रक्रिया की कार्यवाई की जा रही है परंतु बताया जा रहा है उक्त हाथियों का दल मौजूदा समय मे वहीं के 406 कम्पार्टमेंट में जंगल में विचरण कर रहे हैं जिस वजह से ग्रामवासियों में भय का माहौल देखा जा रहा है चूंकि बता दें, अभी खेत खलियान में फसल नहीं है लिहाजा हाथी वर्तमान समय में मौजूद आम व कटहल से आकर्षित होकर रिहायसी इलाके की ओर कूच कर रहे है जो बेहद चिंतनीय विषय है।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल के ठोकर से दो वर्षीय अनाथ बच्ची का पैर टूटा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मोटरसाइकिल के ठोकर से दुधमुंही बच्ची का पैर टूट गया। घटना कापू थाना अंतर्गत ग्राम बताती का है। जहां मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बच्ची को ठोकर मार दिया। जिससे मासूम बच्ची की बांया पैर टूट गया। ग्राम बताती निवासी खुशबू बैगा पिता स्वर्गीय सोहन बैगा उम्र 3 वर्ष शाम को घर से बाहर खेल रही थी। तभी मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बच्ची को ठोकर मार दी। जिसके बाद बच्ची को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाल्हा में भर्ती कराया गया। जहां से स्थिति को देखते हुए 108 की मदद से सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया है। जहां बच्ची का उपचार किया जा रहा है। बता दें कि बच्ची के माता पिता दोनों नहीं हैं। एक बड़ा भाई 11 वर्ष का है। बच्ची का देखभाल उसके परिजन करते हैं।



### नाबालिग युवती से दैहिक शोषण, फास्टट्रैक कोर्ट ने सुनाई 20 साल कठोर कारावास की सजा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

दुल्हन बनाने का ख्वाब दिखाते हुए नाबालिग युवती के दैहिक शोषण के मामले में आरोप प्रमाणित होने पर फास्टट्रैक कोर्ट ने आरोपी को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 हजार रुपए के अर्थदंड दण्डित भी किया है। अभियोजन के अनुसार लैलूंगा थानांतर्गत ग्राम कुंजारा में रहने वाला पवन पैंकरा आत्मज जगन्नाथ 22 वर्ष, विगत सितंबर 2020 में जब गांव में बिजली खम्भे गाड़ने का काम करता था तो उसकी मुलाकात एक नाबालिग युवती से हुई। दोनों में आए दिन बातचीत होने से मेल मिलाप बढ़ा तो पवन उसे अपनी दुल्हन बनाने का सब्जबाग दिखाते हुए बरगलाने लगा। चूंकि, पवन का गांव भी पास था इसलिए एक दिन किशोरी घर में अकेली थी तो युवक वहां पहुंच गया और शादी करूंगा कहते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। पवन 27 सितंबर 2020 से 22 जुलाई 21 तक किशोरी की आबरू से खिलवाड़ करता रहा। फिर उसने पल्ला झाड़ लिया। प्रेम प्रसंग के चक्कर में अपना सब कुछ लुटा चुकी नाबालिग युवती ने परिजनों को आपबीती बताई तो पारिवारिक सलाह मशविरा के बाद उसने थाने की शरण लेते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले को बेहद संवेदनशीलता से लेते हुए भादंवि की धारा 376;2 और लैंगिक अपराधों में बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत पवन को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में पेश किया। वहीं, फास्ट ट्रैक कोर्ट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रतिमा वर्मा ने प्रकरण से जुड़े साक्ष्य और दोनों पक्षों की दलीलों को ध्यान पूर्वक सुनने के बाद आरोप सिद्ध होने पर पवन पैकरा को 20 बरस की कड़ी कैद और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दण्डित किया। अर्थदंड की राशि चुकता नहीं कर पाने की स्थिति में मुल्जिम को 4 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने पैरवी की।



## अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया सत्याग्रह



जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार पूरे प्रदेश भर में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अग्निपथ योजना के विरोध में एक दिवसीय सत्याग्रह किया गया। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बस स्टैंड चौक में विधानसभा स्तरीय सत्याग्रह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में आयोजित सत्याग्रह में शामिल हुए। लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह अपने उद्बोधन के दौरान केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए केंद्र की हर योजना को विफल बताया साथ ही अग्निपथ योजना को युवाओं के साथ छलावा बताया। वही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों ने केंद्र के मोदी सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकालते हुए हर मोर्चे पर भाजपा सरकार को असफल बताया। इस दौरान भारी संख्या में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के लैलूंगा सहित तमनार व परिसीमन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे।

## मोबाइल एक जहर है इसका उपयोग संभलकर करें-एसडीएम मनीष मिश्रा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





नव पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी मनीष मिश्रा ने अंबेटिकरा पहुंचकर माता रानी का दर्शन कर पूजा-अर्चना के बाद अंबेटिकरा में चल रहे एकल अभियान के दक्षता प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल एक जहर है इसे संभाल कर उपयोग करें। ज्यादा उपयोग करना भी ठीक नहीं है और उन्होंने कहा कि यह मोबाइल में हम कोई भी ऐप खोलते हैं उसमें देखते हैं कहीं कुछ और मैसेज आया होगा फिर खोलते हैं।

खोलते हैं लाइक करते हैं। ऐसे करते-करते हम उसी में खो जाते हैं उन्होंने मोबाइल को जहर देने निरूपित करते हुए कहा कि मुगल काल में जब अरब कंट्री से जो हमारे देश में आए तो उन्होंने चरस और अफीम की नशा हमारे राजाओं को डाल दी और जब वह नशा के आदी हो गए उसके उसके बाद उन्होंने एक एक राजाओं को गुलाम बनाते गया इसी तरह से यह मोबाइल भी बाहर कंट्री से आया हुआ है और मोबाइल हमको वैसे ही गुलाम बनाते जा रहा है। इसको संभालकर उपयोग करें सोच समझकर उपयोग करें हम कभी भी देखते हैं कि मोबाइल में इसको देखें उसको देखें। फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम को देखे, देखें तो मेरे पोस्ट पर कितना लाइक आया। दुसरे के पोस्ट को लाइक शेयर करते करते हम लोग उसी में घुस जाते हैं। इस अवसर पर शासकीय मंदिर समिति के सचिव टीकाराम पटेल से मंदिर संबंधित जानकारी प्राप्त कर वहां के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।

### राखी बनाने के लिए जेलों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

दुर्ग । हर कोई सामान अवसर और सम्मान की चाह रखता है। परंतु हमारा समाज कई बार विभिन्न वर्गों को नजर अंदाज करता है। समाज में सभी लोगों को सर उठाकर जीने का मौका मिले इसलिए छत्तीसगढ़ उड़ान नई दिशा संस्था कलेक्टर के समक्ष जेल में रह रही महिला कैदियों के प्रशिक्षण के लिए अपना आवेदन लेकर पहुंची थी। आने वाले अगस्त माह में राखी का त्योहार है। जिसमें संस्था चाहती है कि वह महिला कैदियों को राखी बनाने का प्रशिक्षण दे और उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा प्रशस्त करे।

## महिला ने की कीटनाशक दवाई का सेवन, अस्पताल में इलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र में इस समय जहर सेवन का मामला बहुत ज्यादा बढ़ गया है। सिविल अस्पताल में प्रतिदिन एक दो मामले आ रहे हैं। कल दोपहर को भी जहर सेवन करने वाली एक महिला को भर्ती कराया गया है। महिला चंपा बैगा पति मोहपत बैगा उम्र 25 वर्ष जमाबीरा निवासी ने दोपहर जहर का सेवन की है। जिसका इलाज सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में चल रहा है। बताया जा रहा है कि चंपा बैगा घर में अकेली थी तब घर में रखे कीटनाशक दवा को लेकर कमरे में घुस कर अंदर से दरवाजा बंद कर दी। जहां जहर का सेवन कीए जब तबियत बिगड़ने लगी तब दरवाजा खोलकर बाहर आई। तब परिजनों को पता चला कि महिला द्वारा कीटनाशक दवाई का सेवन की। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां महिला का उपचार जारी है। महिला द्वारा कीटनाशक सेवन का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेशव्यापी कलम बन्द आंदोलन आज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आज प्रदेशव्यापी कलमबंद हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है।जिसमें सभी विभाग के कर्मचारी अधिकारी महंगाई भत्ता एवम एचआरए की मांग पर दिन का कलम बंद आंदोलन करेंगे। आज 11 बजे मंगल भवन धरमजयगढ़ में सभी एकत्रित होंगे। जिसके बाद दोपहर 2 बजे मंगल भवन से प्रस्थान कर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिया जाएगा। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने सभी विभाग के कर्मचारी अधिकारी को कलम बंद आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए कहा है कि एकता से आंदोलन मजबूत होगा और मांग भी अविलंब पूरा होगा।

धरमजयगढ़ में एक नया इतिहास रचते हुए महंगाई भत्ता के आंदोलन को सफल बनाएं।

## एडीएम और जिला पंचायत सीईओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



मंगलवार को आयोजित होने वाली जनचौपाल की आज की कड़ी में प्रभारी अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले और जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर ने जिले वासियों की समस्याओं एवं सुझावों को विस्तार से सुना। आज जन चौपाल में 90 लोगों ने दोनों अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अधिकारियों ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित जनचौपाल में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निदान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनचौपाल में जिले के दूर दराज के इलाकों सहित शहरी क्षेत्रों से भी लोग कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान जमीन संबंधी नामांतरण, बंटवारा, मुआवजा प्रकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशनों की स्वीकृति आदि के लिए भी लोगों ने आवेदन दिए। आज जनचौपाल में ग्राम सरईसिंगार के निवासी चंद्रिका प्रसाद प्रजापति ने सिकलिंग बीमारी से ग्रसित अपने तीनों बच्चों की ईलाज करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। उन्होंने इस बीमारी के कारण तीनों संतानों को खून की कमी होने तथा प्रत्येक तीन-चार महीनों में बच्चो को खून की जरूरत पड़ने की जानकारी दी। उन्होंने कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण बच्चों के ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए बच्चों के ईलाज कराने की मांग की। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए अपर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को बच्चों के ईलाज में सहायता करने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार ग्राम चिकनीपाली निवासी भुवन लाल ने वन अधिकार पट्टा बनाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए एडीएम ने एसडीएम कोरबा को निर्देशित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जन चौपाल मे आज तहसील हरदीबाजार के अंतर्गत ग्राम रंगोले निवासी सहारे लाल कंवर ने फौती नामान्तरण के प्रकरण में निराकरण में हो रही देरी से अवगत कराते हुए प्रकरण को जल्द ही निराकरण करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। अपर कलेक्टर ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम पाली को प्रकरण के तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जमनीपाली निवासी पंचम लाल राठौर ने नामान्तरण का ऑनलाईन दुरूस्तीकरण नही होने के संबंध में जानकारी देते हुए ऑनलाईन दुरूस्तीकरण करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इस पर एडीएम ने एसडीएम को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जन चौपाल में एक अन्य मामले में विकासखण्ड पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत रतखण्डी के आश्रित ग्राम पहाडजमडी के मीडिल स्कूल में शिक्षक की पदस्थापना करने के संबंध में सरपंच बाबूलाल ने आवेदन प्रस्तुत किए।

## टाड़ीपार में अतिक्रमण हटाने का काम तो दूसरी तरफ खुद कर रहे अतिक्रमण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



सारंगढ़ जनपद पंचायत में एक ऐसा पंचायत भी है जहा एक तरफ गौठान में हुए अतिक्रमण हटाने का काम कर रहे हैं तो दूसरी ओर खुद अतिक्रमण करने का काम कर रहे हैं, ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सारंगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टाडीपार की है।

जहा पंचायत द्वारा शासन से मिलकर गौठान के लिए चिन्हाकित स्थान का अतिक्रमण हटाने में पुरजोर प्रयास किया जा रहा है । तो दूसरी तरफ पंचायत के सदस्य उपसरपंच मनहरण जायसवाल योगेश द्वारा कोटवारी जमीन में अतिक्रमण कर पक्का मकान बनाने की पूरी तैयारी कर निर्माण कार्य चालू कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोटवार को शासन से मिला भूमि को टाड़ीपार के वर्तमान उपसरपंच से कोटवार द्वारा लेंन देंन कर पक्का मकान निर्माण कार्य करवाने में लगे हुए हैं, शासन द्वारा कोटवार के जीवन यापन के लिए दिया गया है भूमि है। तथा कोटवार को बिक्री तक कि भी अनुमति नहीं लेकिन उसके बावजूद भी सूत्र बता रहे है कि कोटवार ने उस जमीन को गांव के उपसरपंच से आपसी लेनदेन कर बिक्री कर दिया मौखिक तौर पर कोटवारी जमीन की रजिस्टी नहीं हो सकती तो चोरी छुपे किसी को कानों कान खबर नहीं होने दिया पैसे का लेनदेन कर लिया गया और अब उस जमीन पर उपसरपंच के द्वारा घर निर्माण कराया जा रहा है।

### उपसरपंच कहते हैं कि जमीन हमारा पिता जी के नाम पर

*वहीं जब हमने इस संबंध में जानकारी लिया गया तो उपसरपंच का कहना है कि यह जमीन हमारा खुद का है। जो मेरे पिता जी के नाम पर है जहां मैं अपना घर बना रहा हूं फिलहाल अभी यह पूरा मामला जिस तरह से जमीन के नीचे न्यू खोद कर पत्थर को दबाया जाता है उसी तरह दोनों तीसमारखा ने उसे दबाकर रखा हुआ है जो बहुत जल्दी इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारी से कर इस मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in